


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 123 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 03 फरवरी 2025 डाक 04 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**
वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रागिनी नायक दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले घर-घर जाकर प्रचार कर रही हैं



**देश-विदेश**
वाटरफॉल देखने जा रही छात्रा का पैर फिसला 500 फीट गहरी खाई में गिरी, हो गई मौत



**फीचर**
सुबह खाली पेट खाएंगे 1 सेब, तो दूर रहेंगी ये बीमारियां



# जनता ने अगर नारेबाजी के लिए भेजा है तो यही करिए या सदन चलाइए, बिरला की विपक्षी सांसदों को दो टूक

**नईदिल्ली, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

बजट सत्र के तीसरे दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। वे महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में नारेबाजी करने वाले विपक्षी दलों के सांसदों से कहा कि यदि जनता ने उन्हें नारे लगाने के लिए भेजा है जो यही काम करें या फिर कार्यवाही चलने दें। दरअसल, बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से




जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा, इस विषय का उल्लेख राष्ट्रपति महोदया ने अपने अभिभाषण में किया था। आप लोग अभिभाषण पर चर्चा के दौरान यह विषय रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है, जिसमें सरकार की जवाबदेही तय की जा सकती है। बिरला ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, अगर आपको देश की जनता ने नारेबाजी के लिए भेजा है तो यही काम करिए। यदि सदन चलाना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बैठिए। विपक्षी दलों के सदस्यों ने 'प्रधानमंत्री जवाब दो' और 'शेम शेम' के नारे लगाए। मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का आरोप है कि सरकार ने इस घटना में मृतकों का सही आंकड़ा नहीं बताया।

वहीं राज्यसभा से विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट किया। विपक्ष महाकुंभ हादसे पर चर्चा की मांग कर रहा है। केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के केरल को पिछड़ा राज्य बताने वाले बयान पर और सुरेश गोपी की टिप्पणी पर सीपीआई सांसद पी संदोष ने कहा, जॉर्ज कुरियन का बयान केरल के लिए काफी नुकसानदेह है और एक मंत्री के तौर पर यह अनुचित है। मुझे नहीं पता कि बीजेपी के लोगों की मानसिकता क्या है।

उन्होंने केरल को कोई अतिरिक्त फंड आवंटित नहीं किया और वे लगातार इसे सही ठहरा रहे हैं। सुरेश गोपी और जॉर्ज कुरियन ने केरल की चेतना का अपमान किया है। नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्हें (सुरेश गोपी) मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि यह उनके द्वारा ली गई शपथ का स्पष्ट उल्लंघन है। मैंने इस पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत नोटिस दिया है।

## आचार संहिता में आबकारी विभाग का एक्शन, दबिश देकर पकड़ी 8 लाख से ज्यादा की अवैध शराब, आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। चुनाव को लेकर सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आबकारी विभाग ने रायपुर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 लाख से अधिक की अवैध शराब बरामद की है।यह शराब दूसरे प्रदेश से छत्तीसगढ़ लाई गई थी। विभाग ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के लिए सचिव सह आबकारी आयुक्त आर शंगीता, प्रबंध संचालक (CSMCL) श्याम धावड़े, कलेक्टर गौरव सिंह, और प्रभारी उपायुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा के निर्देश पर अभियान चलाया गया।

## शाहदरा सीट पर बीजेपी का मास्टर प्लान, चंद्रबाबू नायडू कर गए बड़ा खेला

**नईदिल्ली, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की राह को आसान बनाने के लिए एनडीए के सहयोगी दलों के नेता प्रचार कर रहे हैं। रविवार को तेलुगु देशम पार्टी के मुखिया एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शाहदरा में जनसभा कर भाजपा के लिए लोगों से वोट की अपील की। इस क्षेत्र में आंध्र प्रदेश के लोग काफी संख्या में रहते हैं। यही वजह रही कि नायडू ने जनसभा को तेलुगु में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत समय



की मांग है। दिल्ली की खराब स्थिति के लिए आप सरकार जिम्मेदार है। नायडू ने कहा कि वह भाजपा का समर्थन करने के लिए दिल्ली आए हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि तेलुगु समुदाय भाजपा के साथ खड़ा होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर हर वर्ग के लिए काम करते हैं। उन्होंने दिल्ली में मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत और प्रगतिशील सरकार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दिल्ली में तेलुगु समुदाय से भाजपा को सहयोग करने का आग्रह करते हुए इस बात पर जोर किया भाजपा की जीत दिल्ली के लिए जरूरी है।

## हिल विरोध प्रदर्शन को लेकर तनाव बढ़ने पर मदुरै में धारा 144 लागू

**तमिलनाडु।** तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर पशु बलि को लेकर तनाव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, इसलिए जिला प्रशासन ने सोमवार सुबह 6 बजे से मंगलवार तक मदुरै में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। कई वर्षों से तिरुपरनकुंद्रम में काशी विश्वनाथ मंदिर और दरगाह में हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते रहे हैं। एक हिंदू संगठन द्वारा मुस्लिम श्रद्धालुओं द्वारा बकरे और मुर्गे की बलि दिए जाने पर आपत्ति जताए जाने के बाद यह सौहार्द प्रभावित हुआ। हिंदू मुन्नानी ने इस मुद्दे पर कूदते हुए 4 फरवरी को विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। डेली थांथी की रिपोर्ट के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना या धार्मिक झड़प को रोकने के लिए जिला अधिकारियों ने पूरे मदुरै में धारा 144 लागू कर दी है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि काशी विश्वनाथ मंदिर और दरगाह में पूजा-अर्चना करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मदुरै शहर के पुलिस आयुक्त ने कहा कि इस मुद्दे पर कई मामले दर्ज किए गए हैं। दोनों पक्षों ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के समक्ष पांच याचिकाएं भी दायर की हैं। इससे पहले हिंदू मुन्नानी ने 4 फरवरी को थिरुपरनकुंद्रम में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था, जिसमें दक्षिणी क्षेत्र से कार्यकर्ताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।

## शेयर बाजार में कोहराम, क्रैश हुए सेंसेक्स-निफ्टी, ट्रंप जिम्मेदार हैं या बजट




**नईदिल्ली, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

केंद्रीय बजट पेश होने के बाद पहले कारोबारी सत्र के दौरान शेयर बाजार क्रैश हो गया है। सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1-1 फीसदी की गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे हैं। स्टॉक मार्केट क्रैश की क्या वजह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के दौरान कई देशों पर भारी टैरिफ लगाने का वादा किया था। उन्होंने अब इसकी शुरुआत भी कर दी है। ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने का एलान किया है। मेक्सिको और कनाडा से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगेगा। वहीं, चीन के लिए 10 फीसदी का टैरिफ लगाने का फैसला किया गया है। ट्रंप के फैसले से दुनियाभर टैरिफ वॉर की आशंका छिड़ गई है। इसकी आंच भारत समेत दुनिया भर के तमाम देशों पर आ सकती है। यही वजह है कि ज्यादातर शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है।ट्रंप के टैरिफ वॉर का दुनिया भर की ज्यादातर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ने की आशंका है। हालांकि, भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, ये अभी स्पष्ट नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में भी यही बात कही है। हम नहीं जानते कि अमेरिका के टैरिफ वॉर का भारत पर क्या असर होगा।

लेकिन, अप्रत्यक्ष तरीके से इसका हम पर असर पड़ने की आशंका है। हम बेशक अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने वाले फैसले से चिंतित नहीं है, लेकिन पूरी तरह से सतर्क हैं। जापान के निक्केई इंडेक्स में 2.58 फीसदी की भारी गिरावट आई है। दक्षिण कोरिया का KOSPI तो 3 फीसदी से अधिक गिर गया है। चीन और हांगकांग के शेयर भी गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे हैं। हालांकि, वहां भारत और जापान के मुकाबले अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है। क्योंकि दोनों शेयर बाजारों को टैरिफ का अंदेशा पहले से था, बल्कि उन्हें इससे ज्यादा टैरिफ लगने की आशंका थी।

## बीपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

### सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से मांगा जवाब

**पटना 03 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई की नियुक्ति को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर सोमवार को बिहार सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आयोग प्रमुख के रूप में मनुभाई की नियुक्ति को चुनौती देने वाले वकील याचिकाकर्ता ब्रजेश सिंह की दलीलों पर ध्यान दिया। हालांकि, पीठ ने एक वकील द्वारा याचिका दायर करने की आलोचना भी की। दरअसल,एक वकील, जिसका बीपीएससी के कामकाज से कोई सरोकार या संबंध नहीं है, ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। पीठ ने राज्य सरकार और बीपीएससी अध्यक्ष को नोटिस जारी करते हुए कहा कि एक वकील के रूप में आपको इस प्रकार की जनहित याचिका दायर करने से दूर रहना चाहिए, जब आपका बीपीएससी से कोई संबंध या अधिकार नहीं है। पीठ ने जनहित याचिका को आगे बढ़ाने के लिए एक न्याय मित्र भी नियुक्त किया।जनहित याचिका के अनुसार, परमार बिहार के सतर्कता ब्यूरो द्वारा दर्ज कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी थे और मामला पटना में एक विशेष न्यायाधीश के समक्ष लंबित था।

## कोयलीबेड़ा में एक नक्सली ढेर, मुठभेड़ स्थल से स्ट्राइकर राइफल बरामद

**कांकेर, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

पखांजूर और पानीडोबीर के इलाके में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई है। इस मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया है, और सुरक्षा बलों ने एक SLR (स्ट्राइकर राइफल) हथियार बरामद किया है। हालांकि, अधिकारियों द्वारा इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है। मुठभेड़ रुक-रुक कर जारी है। इस मुठभेड़ के दौरान जिला रिजर्व गार्ड के जवान एरिया डोमिनेशन के तहत इलाके में गश्त पर थे। सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद जवानों ने कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के पानीडोबीर इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ शुरू की। मुठभेड़ में नक्सलियों को कड़ा प्रतिरोध करना पड़ा, जिसके बाद



एक नक्सली मारा गया। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और CRPF की अतिरिक्त टुकड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

## वसंत पंचमी पर अब तक 62.25 लाख लोगों ने किया अमृत स्नान, हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर की गई पुष्प वर्षा



**महाकुंभ नगर, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

बसंत पंचमी के पवित्र अवसर पर सोमवार को त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान के लिए आस्था का जनसमुद्र उमड़ पड़ा। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान पर करोड़ों श्रद्धालु देर रात से ही पुण्य की कामना के साथ संगम की रेत पर एकत्रित होने लगे। हर-हर गंगे, बम बम भोले और जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। सुबह करीब 3 बजे से अखाड़ों का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान शुरू हुआ। इस बीच नागा साधु करतब करते हुए दिखाई दिए। प्रशासन ने हेलीकॉप्टर से महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करवाई। वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर संगम में अब तक 62.25 लाख लोगों ने डुबकी लगाई है। प्रशासन के अनुसार, अब तक संगम में 34.97 करोड़ लोगों ने स्नान किया है। सीएम योगी के विशेष निर्देश पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में डीआईजी और एसएसपी खुद मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। श्रद्धालुओं के साथ साधु-संत, महामंडलेश्वर और देश-विदेश से आए भक्त संगम में पवित्र डुबकी लगाते नजर आए। इसके साथ ही सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत स्नान के लिए अद्भुत और दिव्य महाकुंभ की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। यातायात पूरी तरह सुचारु रहा और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। स्नान के बाद श्रद्धालु दान-पुण्य करते दिखे।

## हिमाचल के कुल्लू में भूकंप से डोली धरती, रिक्टर स्केल पर ये रही तीव्रता

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में सोमवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके सुबह 6.50 बजे आए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 रही। वहीं कुल्लू के आस-पास के जिलों के कुछ इलाकों में भी झटके महसूस किए गए। खबर लिखे जाने तक किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। बीते रविवार को राजस्थान के बीकानेर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, रविवार दोपहर को राजस्थान के बीकानेर क्षेत्र में रिक्टर स्केल पर 3.6 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10 किमी की गहराई पर स्थित था, जिसका निर्देशांक 27.76 ह और देशांतर 73.72 श्व था।हालांकि अभी तक किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन अचानक आए झटकों से लोग घबरा गए हैं।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## हेलमेट धारी को ही मिलेगा रायपुर निगम दफ्तर में प्रवेश




**रायपुर।** यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने नगर निगम प्रशासन ने अच्छी पहल की है। अब हेलमेट लगाकर आने पर ही रायपुर नगर निगम में प्रवेश मिलेगा। आज से निगम मुख्यालय में बिना हेलमेट के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कलेक्ट्रेट के बाद अब निगम मुख्यालय में भी दोपहिया चालकों को बिना हेलमेट के प्रवेश नहीं देने का नियम बनाया गया है।

वहीं बिना सीट बेल्ट गाड़ी चला रहे लोगों को भी निगम के अंदर नहीं आने दिया जाएगा। इसके लिए आज से निगम मुख्यालय के बाहर ट्रैफिक जवान तैनात रहेंगे। लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

# महापौर और पार्षद चुनने के लिए दो बार बटन दबाने होंगे

## नगर पालिक निगम अंतर्गत 292 मतदान केंद्रों में रखी जाएंगी 2 बैलेट यूनिट

**कोरबा ।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा के 67 वार्डो में पार्षद पद सहित निगम के महापौर पद के लिए चुनाव होना है। इसके लिए 11 फरवरी को मतदान होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस सम्बंध में मतदाताओं को जागरूक करने और अपने मताधिकार का सही तरीके से ईवीएम में उपयोग करने के सम्बंध में राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों, मीडिया प्रतिनधियों सहित सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में रिटर्निंग अधिकारी श्री मनोज कुमार बंजारे की उपस्थिति में वरिष्ठ मास्टर्स ट्रेनर्स डॉ एम एम जोशी,जिला स्तरीय मास्टर्स ट्रेनर्स श्रीमती उपासना ओझा, श्रीमती लक्ष्मी राव ने इस चुनाव में प्रयुक्त हो रहे एम 2 मशीन के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते हुए मतदान के दौरान अपने पसंद के उम्मीदवार को बैलेट यूनिट में मतदान करने के तरीकों को बताया। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 18 को छोड़कर 292 मतदान केंद्रों में दो बैलेट यूनिट होगी। जिसमे से एक महापौर पद के लिए और एक पार्षद के लिए होगी। पहले वाले बैलेट यूनिट में बटन के बाजू में सफेद रंग के कागज में महापौर पद के प्रत्याशी के नाम,फ़ोटो,चिन्ह चस्पा होगा तथा दूसरे बीयू में गुलाबी रंग में पार्षद की पहचान उनके चुनाव चिन्ह के साथ चस्पा होगी। दोनों को वोट देने के लिए अलग-अलग मशीनों में अलग-अलग बटन दबाने होंगे। इस दौरान बीप की आवाजें भी सुनाई देंगी।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदाताओं को मतदान केंद्र में अपना पहचान पत्र लाना होगा। मतदान केंद्रों में मतदान दलों के अधिकारियों द्वारा नाम एंट्री करने, तर्जनी उंगली में स्याही लगाने और स्लीप देने के पश्चात क्रमवार मतदाताओं को बूथ में लगी ईवीएम मशीनों में वोट डालना है। उन्होंने बताया कि ईवीएम में पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। मतदान केंद्रों में दो बैलेट यूनिट लगेंगी। जिसमे से एक महापौर के लिए और दूसरा पार्षद पद के लिए होगा। दोनो बैलेट यूनिट एक कंट्रोल यूनिट से जुड़ी रहेगी। बैलेट यूनिट में बटन दबाने के दौरान प्रत्याशी के नाम व बटन के बाजू में लाल लाइट जलेगी। जो मतदान होने की पुष्टि करेगा। बैलेट यूनिट में नोटा और इंड का विकल्प भी होगा। मास्टर्स ट्रेनर्स डॉ जोशी ने प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रकार के शंकाओं का समाधान भी किया। अपर कलेक्टर व रिटर्निंग अधिकारी श्री मनोज कुमार ने बताया कि नगर निगम कोरबा में कुल 67 वार्ड है। जिसमे से वार्ड क्रमांक 18 में पार्षद के निर्विरोध निर्वाचन होने के पश्चात कुल 66 वार्ड में पार्षद के लिए वोट डाले जाएंगे, जबकि महापौर पद के लिए सभी 67 वार्ड में वोट डाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि 297 मतदान केंद्र है। जिसमे से 292 में दो बैलेट यूनिट रखी जायेगी। निर्वाचन के दौरान मशीन में किसी तरह की खराबी आने पर तत्काल बदलने की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए अतिरिक्त मशीन भी रिजर्व रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आमनागरिको को भी ईवीएम से वोट डालने के सम्बंध में वार्ड स्तर पर जागरूक किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में बताया गया कि बीयू में एक को वोट देने के बाद दूसरे बीयू में वोट नहीं देने तथा इएनडी बटन नहीं दबाने पर प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु मतदान अधिकारी 3 द्वारा मशीन को बंद करके पुनः चालू किया जायेगा ताकि अगले मतदाता को मत जारी किया जा सके।

किसी मतदान केंद्र में मतदाता द्वारा यदि एक बैलेट यूनिट में अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट दिया जाता है और दूसरे बैलेट यूनिट में वोट नहीं डाला जाता है तब मौके पर उपस्थित मतदान अधिकारी द्वारा उन्हें बटन दबाकर वोट डालने के लिए कहा जायेगा। इसके बावजूद भी यदि मतदाता एक बीयू में वोट नहीं देता है तो मतदान अधिकारी को कंट्रोल यूनिट बन्द करके पुनः चालू करनी होगी। कंट्रोल यूनिट बन्द करके चालू करने की इस प्रक्रिया में कुछ समय लगेंगे और इस दौरान जो भी वोट डाले गए होंगे वह सीयू में सुरक्षित रहेंगे। सेक्टर अधिकारियों की बैठक में रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाएं और कमियों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### मोबाइल ले जाने और फ़ोटो/वीडियो लेने पर होगी कार्यवाही

प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान केंद्र में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित है। मतदान के दौरान अपना परिचय पत्र हार्ड कॉपी में ले जाना होगा। किसी मतदाता के दौरान वोट डालने का फोटो/वीडियो की गोपनीयता उजागर किए जाने पर आयोग के नियमों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## नगरीय निकाय चुनाव हेतु राजनैतिक दलों को प्रशिक्षण दिया गया



**कोरबा ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रविवार को नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए उपयोग होने वाली ईवीएम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की जानकारी देने हेतु विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर श्री एम. एम. जोशी ने बताया कि कोरबा के 67 वार्डों में 297 मतदान केंद्रों पर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी। 292 मतदान केंद्र पर 2 बैलेट यूनिट और 1 सेंट्रल यूनिट का उपयोग किया जाएगा। महापौर पद के लिए सफेद रंग की पर्ची, जबकि पार्षद पद के लिए गुलाबी रंग की पर्ची बैलेट यूनिट पर लगी होगी। मतदाता दो मत - महापौर और पार्षद डाल सकेंगे। वार्ड क्रमांक 18 में पार्षद के निर्विरोध विजयी होने पर वहां के 5 मतदान केंद्रों पर एक बैलेट यूनिट और एक कंट्रोल यूनिट मशीन से महापौर के लिए मतदान कराया जायेगा।

11फरवरी को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जाएगा। मतदान के लिए शासन द्वारा अधिकृत 17 दस्तावेजों में से किसी एक की हार्ड कॉपी मतदान केंद्र पर लाना अनिवार्य होगा। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से यह अपील की गई कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ मतदान के दिन केंद्र पर पहुंचे। मास्टर ट्रेनर श्री जोशी ने बैलेट यूनिट और सेंट्रल यूनिट का डेमो प्रस्तुत कर निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी श्री मनोज कुमार बंजारे, जिला उप निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ऋचा सिंह, तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ईवीएम संचालन के सम्बंध में 18 वार्डों में दी जायेगी जानकारी

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार शहर के वार्डो में नगरीय निकाय निर्वाचन में ईवीएम के संचालन के संबंध में आमनागरिको को जागरूक किया जायेगा। वार्ड में लगने वाले शिविर में आम नागरिकों की शंकाओं / जिज्ञासाओं का निराकरण करने हेतु प्रति वार्ड (शासकीय कार्यालय में) ई.व्ही.एम. प्रदर्शन / जानकारी केन्द्र बनाया गया है। इस हेतु क्मउवदेजतंजपवद च्संद तैयार कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है, जिसमें समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित दिवस / स्थल में ई.व्ही.एम. का प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए गये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 एवं 4 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड 34 दादरखुर्द के मतदाताओं के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दादरखुर्द, वार्ड क्रमांक 32 पोड़ीबहार के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पोड़ीबहार, वार्ड क्रमांक 28 एसईसीएल कालोनी क्र. 1 के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय एनसीडीसी कोरबा, वार्ड क्रमांक 30 एसईसीएल कालोनी 2 के लिए शासकीय हाईस्कूल जे.पी.कालोनी, वार्ड क्रमांक 11 सीतामणी के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय सीतामढ़ी, वार्ड क्रमांक 1 रामसागर पारा के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा (टीडब्ल्यूडी), वार्ड क्रमांक 15 परिवहन नगर के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कन्या साडा कोरबा, वार्ड क्रमांक 16 पंप हाउस के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पंप हाउस, वार्ड क्रमांक 37 रामपुर के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर (पीडब्ल्यूडी), वार्ड क्रमांक 42 बालको नगर के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालको, वार्ड क्रमांक 43 कैलाश नगर के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्या बालको, वार्ड क्रमांक 47 रूमगरा के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय रूमगरा, वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कोहड़िया, वार्ड क्रमांक 48 हसदेव क्रमांक एक के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दर्री, वार्ड क्रमांक 54 जमनीपाली के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जमनीपाली, वार्ड क्रमांक 51 स्याहीमुड़ी के लिए शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी, वार्ड क्रमांक 67 बल्गीखार के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्गीखार और वार्ड क्रमांक 63 विकासनगर के मतदाताओं के लिए राजा गुरू बालकदास शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आदर्शनगर कुसमुंडा को ईवीएम प्रदर्शन/जानकारी केन्द्र बनाया गया है। जहां मतदाताओं को ईवीएम मशीन से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी जायेगी।

## एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं का दौरा किया सीएमडी द्विवेदी ने

**कोरबा। SECL** साउथ ईस्ट कोलफील्ड लिमिटेड के सीएमडी जे. पी. द्विवेदी ने एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं का दौरा किया । दौरे के शुरुआत में वो आज तड़के कुसमुंडा पहुंचे जहाँ उन्होंने डिपार्टमेंटल व आउटसोर्सिंग पैच का अवलोकन किया । वे एफएमसी फेस-साइट भी गये तथा गतिविधियों का निरीक्षण किया । गेवरा खदान संचालन का जायजा लेते हुए उन्होंने उत्पादन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की तथा कार्यप्रणाली को उत्कृष्ट बनाने के कई निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की, जिसमें इस वर्ष के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा किया गया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि टीमवर्क और समर्पण से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। दीपका खदान में निरीक्षण के दौरान वे प्रत्येक पैच में गये तथा खनन गतिविधियों को देखा । उन्होंने एरिया कोर टीम से लक्ष्य प्राप्ति तथा उसकी योजना पर चर्चा की । मेगा परियोजनाओं के दौरे के दौरान श्री द्विवेदी ने उपस्थित अधिकारियों से सुरक्षित एवं दक्ष खनन संचालन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया तथा कंपनी के उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी को समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। दौरे के दौरान एसईसीएल के निदेशक तकनीकी श्री एन फ्रेंकलिन जयकुमार सीएमडी सर के साथ रहे ।

### कांग्रेस की बैठक कल

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के लिए जिला स्तरीय समिति का बैठक दिनांक 04 फरवरी 2025 दिन मंगलवार दोपहर 03 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा आयोजित है। श्री जायसवाल ने समिति के सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

## निमोनिया पीड़ित मासूम को राहत मिला एनकेएच में



**कोरबा ।**एनकेएच सुपरस्पेशलिटी अस्पताल ने 4 महीने के शिशु को गंभीर निमोनिया और सांस लेने में काफी कठिनाई से बचाया गया। शिशु के फेफड़े में पर्याप्त ऑक्सिजन नहीं पहुंच रहा था। शिशु की उम्मीद लगभग छोड़ चुके परिजनों ने नई जिंदगी मिलने पर कृतज्ञता व्यक्त की है। अस्पताल के शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.नागेंद्र बागरी और उनकी टीम ने इस शिशु को बचाने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम किया। शिशु को 29 अक्टूबर 2024 को एनकेएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह गंभीर निमोनिया,सांस लेने में तकलीफ, कुपोषण के कारण एनीमिया और संभावित हाइपॉक्सिक के दौरे से पीड़ित था। जब शिशु को अस्पताल लाया गया तब उसकी हालत काफी नाजुक थी। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नागेंद्र बागरी व अस्पताल की टीम ने शिशु को तुरंत हाई-फ्लो नेजल कैनुला , वेंटिलेटर सपोर्ट, एंटीबायोटिक्स, एंटी-कंवल्सेंट्स और पोषण चिकित्सा से उपचार देना शुरू किया। शिशु की स्थिति इतनी गंभीर थी कि उसे लगभग एक महीने तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। डॉक्टर के लगातार निगरानी और इलाज के कारण धीरे-धीरे सुधार आने लगा। सुधार होने के बाद उसे वेंटिलेटर से हटाकर हाई-फ्लो नेजल कैनुला पर शिफ्ट किया गया। तब तक शिशु का ऑक्सीजन लेवल बेहतर हो चुका था और उसने सामान्य तरीके से फीड लेना (दुग्धपान) शुरू कर दिया था। दिसंबर माह में शिशु को पूरी तरह स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह प्रकरण एनकेएच के लिए उपलब्धि है। अस्पताल ने यह सुनिश्चित किया है कि उच्चतम स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं हर मरीज को उपलब्ध कराई जा सकती हैं। एनकेएच ग्रुप में डायरेक्टर डॉ. एस.चंदानी ने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण मामला था लेकिन हमारी टीम ने 4 महीने के शिशु को गंभीर निमोनिया और श्वसन विफलता से बचाया है। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल के लिए गौरवपूर्ण है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक प्रेरणा है। एनकेएच अस्पताल का उद्देश्य हर मरीज को सर्वश्रेष्ठ इलाज देकर समाज की सेवा करना है।

सही समय पर सही जानकारी व सही इलाज से बची जान- डॉ. नागेंद्र बागरी उन्होंने बताया कि सही समय पर सही जानकारी व सही इलाज होने के कारण ही शिशु को गंभीर निमोनिया और श्वसन विफलता से बचाया जा सका। 4 माह का शिशु जिस गंभीर अवस्था में आया था, यदि सही जानकारी न मिलने पर समय से इलाज न हो पाता तो उसकी जान बचाना मुश्किल होता। निमोनिया के कारण ब्लड प्रेशर कम हो गया था,यह शरीर में तेजी से बढ़ रहा था और अगर इसका तुरंत इलाज न किया जाए तो गंभीर जटिलताएं पैदा हो सकती थी। शिशु अब पूर्ण

### तुलसी नगर से श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज रवाना

**कोरबा।** प्रयागराज में मकर संक्रांति से प्रारंभ हुआ महाकुंभ का आयोजन महाशिवरात्रि तक चलेगा। भारत और विदेशों से बड़ी संख्या में हिंदू जन महाकुंभ में पुण्य स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। कोरबा के तुलसी नगर से हनुमान सेवा समिति से जुड़े हुए श्रद्धालुओं का समूह प्रयागराज के लिए रवाना हो गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना और स्वागत के साथ श्रद्धालुओं को रवाना किया। कोरबा तुलसी नगर क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना और समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करने में श्रद्धालु सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इनमें से साथ श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर पार्षद आरती अग्रवाल, पूर्व पार्षद विकास अग्रवाल और रानी यादव सहित इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विभा यादव और कांग्रेस प्रत्याशी ने श्रद्धालुओं का स्वागत सत्कार किया। सभी श्रद्धालुओं को तिलक करते हुए अंग वस्त्र भेंट किए गए।

### महाकुंभ प्रयागराज में चल रही भागवतकथा

## प्रेम ही ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल माध्यमः देवशरण

**कोरबा।** सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक श्री राम कथा एवं श्रीमद भागवत कथा के मर्मज्ञ पंडित देवशरण दुबे जी के गुरुदेव कैलाशवासी परम पूजनीय श्री 108 गोमती गिरी गोस्वामी जी के 13 वें बैकुण्ठ पावन उत्सव पर श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा दिनांक 28 जनवरी 2025 मंगलवार को प्रयागराज उत्तरप्रदेश महाकुंभ में प्रारंभ हुई ।





जिसमे व्यासपीठ से पंडित देवशरण दुबे जी अपनी संगीतमयी सुमधुर वाणी से कथा का श्रोताओं को रसपान करा कर जीवन में श्रीमद भागवत के माध्यम से आनंद एवं परमानन्द की प्राप्ति का उपाय बताते हुये कहा की जब धरती पर श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जी जन्म हुआ तो देवता भी उनके दर्शन हेतु पृथ्वी पर आये। और हम मानव इन सबके विपरीत ईश्वर से साक्षात्कार कराने वाली इस भागवत कथा को न सुनते हैं न जाते ही हैं। जबकि इससे हमें लाभ में जन्म जन्मांतर के पाप से मुक्ति मिल जाती है। अतः हम सभी को इस दुर्लभ मानव जन्म को प्रभु के नाम का आश्रय लेकर, भागवत कथा श्रवण कर एवं सत्संग के माध्यम से सार्थक बनाना चाहिए। और इसमे भी जब हम कथा का श्रवण तीर्थ स्थान में करते हैं तो हमे इसका अनंत गुना एवं अक्षय फल प्राप्त होता है। अतः हमें ऐसे अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिये इस कारण से ही इस बार गुरुदेव जी के 13 वें बैकुण्ठ उत्सव की कथा हम तीर्थराज प्रयागराज महाकुंभ उत्तरप्रदेश में कर रहे हैं । 04 फरवरी 2025 मंगलवार को सहस्त्र धारा एवं भोग भंडारे के साथ कथा को विश्राम दिया जायेगा। कथा के अंत में श्रीमद भागवत भगवान जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में पंडित दिलीप अवस्थी, विकास गौतम, रमाकांत शुक्ला, उत्कर्ष गौतम, वीरेंद्र मिश्रा, राम आत्मा, हरी ओम, रवीन्द्र पांडे, विनीत, रामप्रकाश, अनमोल द्विवेदी, अंकित गौतम, प्रशांत तिवारी, दीपांशु, दिवाकर, संतोष, देवप्रकाश, सूरज, सुरप्रीत ओझा, प्रियांशु गौतम, प्रदीप कुमार शर्मा, विनोद शुक्ला एवं हर्ष नारायण शर्मा के अलावा मनीष अग्रवाल, रूपाली साह, विजय साहू, अभय मिश्रा तथा नीता दुबे विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुये कथा श्रवण कर पुण्यलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## हर्षिता ने भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में चुनावी जीत के मंत्र बताए

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद कटघोरा में वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा की नीतू पटेल के निर्विरोध निर्वाचन होने से पार्टी का मनोबल बढ़ा हुआ है। यहां पर अध्यक्ष और शेष वार्ड के लिए पार्षद का चुनाव 11 फरवरी को होगा। निकाय चुनाव की दृष्टिकोण से भाजपा ने कटघोरा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया।

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे और क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने मुख्य रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। कटघोरा के एक भवन में भाजपा की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन चुनाव के सिलसिले में किया गया जिसमें काफी संख्या में शहरी क्षेत्र के कार्यकर्ता प्रत्याशी शामिल हुए। नीतिगत विषय पर यहां मंथन हुआ और कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के लिए प्रोत्साहित किया गया। भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी आत्मा नारायण पटेल, विधायक प्रेमचंद पटेल और महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे ने बताया कि हमारे कार्यकर्ता और प्रत्याशी पूरे मनोबल के साथ काम कर रहे हैं। कटघोरा सहित सभी क्षेत्रों में हम जीत दर्ज करेंगे। कटघोरा नगर पालिका परिषद में पिछले चुनाव में भाजपा के पास पर्याप्त नंबर थे ।इसके बावजूद क्रॉस वोटिंग के चक्कर में उसका अध्यक्ष नहीं बन सका था। इस बार अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से हो रहा है इसलिए भाजपा को उम्मीद है कि कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई तो चुनाव में उसे जीत मिल सकती है

## वनकर्मी आधुनिक उपकरण की मदद से करेंगे हाथियों की निगरानी, हाथी प्रभावित इलाकों में सुरक्षित मतदान कराने की तैयारी

**कोरबा।** वन अफसरों के लिए हाथी प्रभावित क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से चुनावी प्रक्रिया पूर्ण कराना चुनौती है। इस चुनौती से निपटने अफसरों ने तैयारी शुरू कर दी है। वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी और सूचना आदान प्रदान करने अत्याधुनिक उपकरण की मदद ली जाती है। वन विभाग की टीम एलिफेंट ट्रैफेकिंग सिस्टम से हाथियों पर नजर रखेगी। हाथी के लोकेशन के आधार पर प्रभावित क्षेत्र के लोगों को तत्काल मोबाइल पर मैसेज मिल जाएगा। जिससे वे हाथी के आमदरफ्त के संबंध में जान सकेंगे। इसके अलावा वाट्स ग्रुप के माध्यम से भी लोगों को हाथियों के लोकेशन की जानकारी मिलेगी। वन विभाग की टीम मतदान और मतों की गिनती पूर्ण होते तक क्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों पर नजर रखेगी। यदि हाथी मुख्यमार्ग अथवा आबादी वाले क्षेत्र की ओर रूख करते हैं, तो तत्काल ग्रामीणों के अलावा मतदान दल के सदस्यों को अवगत कराया जाएगा, ताकि वे हाथी के आमदरफ्त वाले क्षेत्र में जाने से बचें। यदि जरूरत पड़ी तो पूर्व की तरह गजराज वाहन से मदद पहुंचाई जाएगी। प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। नगरीय निकायों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रचार प्रसार ने जोर पकड़ लिया है। इधर ग्राम, जनपद और जिला पंचायत के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। यह प्रक्रिया 6 फरवरी को चुनाव चिन्ह वितरण के साथ समाप्त हो जाएगी। इसके साथ ही ग्रामीण अंचल में भी चुनावी घमासान मच जाएगी। राजनैतिक दल के समर्थित और स्वतंत्र रूप से मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने के प्रयास में जुट जाऐंगे। गांव गांव में बैठक का दौर भी शुरू हो जाएगा। इसमें हाथी प्रभावित क्षेत्र के प्रत्याशियों को भारी मशक्कत करनी होगी। उनके पास सूरज निकलने के बाद और शाम ढलने के बीच का ही समय रह जाएगा। ऐसे में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने प्रत्याशियों के पास सीमित समय और दिन होगा। वहीं वन अफसरों के लिए भी हाथी प्रभावित क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से चुनाव संपन्न कराना चुनौती है। यदि कटघोरा वनमंडल की बात करें तो एतमानगर, केंदई, पसान और जटगा के करीब सौ से अधिक गांव हाथी प्रभावित हैं, जहां मतदान के लिए बूथ बनाया जाएगा। इसी तरह कोरबा वनमंडल में भी दर्जनों गांव शामिल हैं, जहां मतदान किया जाएगा। इन बूथों में दूर दराज से मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करने पहुंचेगे। ऐसे तो त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान का समय सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है, लेकिन निर्धारित समय में पहुंचे मतदाता के वोटिंग करते शाम ढल सकता है। इसके बाद ही चुनावी दल के सदस्य पंच, सरपंच सहित अन्य पदों के लिए मिले मतों को गिनती कर पेटी में बंद कर सकेंगे। इसे देखते हुए वन अफसरों ने हाथियों से सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होते तक वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में पहुंचेगी। वनकर्मी जंगल में विचरण कर रहे हाथियों की निगरानी करेंगे। खासकर मतदान के दिन वन अमला हाथी प्रभावित क्षेत्र में होगा। उनके द्वारा हाथियों के लोकेशन की जानकारी विभागीय अफसरों को दी जाएगी। यदि शाम ढलने के बाद हाथी जंगल से निकलकर आबादी वाले क्षेत्र या फिर मुख्यमार्ग की ओर रूख करते हैं, तो तत्काल ग्रामीण और मतदान दल के सदस्यों को अवगत कराया जाएगा। उन्हें हाथी के आमदरफ्त वाले क्षेत्र में जाने से रोका जाएगा। खास तो यह है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तरह त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भी जरूरत पडने् पर गजराज वाहन से मदद पहुंचाई जाएगी।

**जीत की खुशी में हाथी के खतरे का रखें ध्यान**

जिले के पांचों ब्लॉक में त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तिथी निर्धारित है। हर बार की तरह इस बार भी चुनाव दल के सदस्य मतदान की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। उनके द्वारा बूथ में ही गणना उपरांत मतों को पेटियों में बंद कर दिया जाएगा। जिससे जीत हासिल करने वाले प्रत्याशी की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इसके साथ ही खुशी मनाने का दौर शुरू हो जाएगा। इसे लेकर हाथी प्रभावित क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।

**जिले के हाथी प्रभावित गांव**

कटघोरा वनमंडल के हाथी प्रभावित गांवों में एतमानगर, केंदई, पसान और जटगा वन परिक्षेत्र तानाखार, पोंड़ी, कोनकोना, बरतराई, सरभोंका, रिंगनियां, बांधापारा, गुरसियां, दमाऊकुंडा, डुमरमुड़ा, बांगो, माचाडोली, पाथा, बनियां, हरदेवा, सेमरहा, बर्रा, सरमा, तनेरा, सेंदरगढ़, पनगवां, जलके, कुम्हारीदर्री, कोडग़ार, पिपरिया, सीपतपारा, बीजाडांड सहित अन्य शामिल हैं। इसी तरह कोरबा वनमंडल में कुदमुरा,पसरखेत, चचिया, तौलीपाली, बैगामार, सिमकेंदा, गिद्धकुंवारी, बोतली, चैनपुर, बैगामार, करतला, बड़मार सहित कई अन्य गांव शामिल हैं।

### नेवसा निवासी आकाश पटेल की संदिग्ध मौत - परिजनों ने किया जांच की मांग

**हरदीबाजार कोरबा।** पाली विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम नेवसा निवासी 23 वर्षीय युवक आकाश पटेल के संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले की उच्च स्तरीय जाँच की मांग परिजनों ने किया है तीन महीने तक इंतजार के बाद कोई कार्यवाही नही होने पर परिजनों ने ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति से सम्पर्क कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है जिसके बाद संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने परिवार और ग्रामवासियों से मुलाकात किया और पूरी घटना की जानकारी ली है और प्रदेश के गृहमंत्री के संज्ञान में लाते हुये मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का आश्वासन दिया है । पाली विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम नेवसा में रहने वाले जोहन लाल पटेल ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि उनका 23 वर्षीय पुत्र हरियाणा के रोहतक शहर में एसीबी इंडिया लिमिटेड अधिकारी के घर मे पिछले दो वर्षों से काम कर रहा था और तीन महीने पूर्व उसके मालिक ने उसे सड़क के रास्ते चार पहिया वाहन से अन्य दो व्यक्तियों के साथ वापस उसके गृह ग्राम नेवसा भेजा था।

# दुरपा की नहर में बंजारे का शव मिला

**तुस्मा-शिवरीनारायण।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दुरपा-मुड़पार के बीच नहर में अधेड़ की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। आनन-फानन में वहां उपस्थित ग्रामीणों ने सूचना तत्काल शिवरीनारायण पुलिस को दी। तब मौके पर ही पुलिस बल पहुंच कर परिजन की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

शिवरीनारायण पुलिस के अनुसार दुरपा-मुड़पार के बीच नहर में अधेड़ की लाश मिली है। इसको परिजन की मदद से बाहर निकालकर विवेचना में लिया है। उसकी पहचान तुस्मा निवासी सोहन बंजारे पिता स्वर्गीय पहारु बंजारे 70 वर्ष है। मृतक सोहन बंजारे के एक पुत्र और चार पुत्री हैं। इनमें सबसे बड़ा कैलाश बंजारे है। परिजन के अनुसार रविवार की सुबह 4 बजे सोहन नहर की ओर



बैसाखी के सहारे टहलने निकला था। सोहन काफी देर बाद भी घर लौटे तो परिजन ने उसकी खोजबीन शुरू की। सोहन का कहीं पता नहीं चला। तब परिजन ने आसपास के लोगों की मदद लेकर सोहन के बारे में पता किया। परिजन को सूचना मिली कि सोहन की बैसाखी बड़े नहर के पास पड़ी है। नहर में करीब दो घंटे तक खोजबीन करने के बाद ही सोहन का शव दुरपा-मुड़पार के बीच मिला है।

## नशे से दूर रहने की सौगंध ली कॉलेज के छात्रों ने

**सक्ती।** जेएलएन डिग्री कॉलेज सक्ती में नशामुक्ति व अभियान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने अपना विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों व कर्मचारियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित प्राचार्य डॉ. पाहवा ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में ले जा रहा है। नशा एक धीमी जहर है। इसके सेवन से मनुष्य का जीवन अंधकार हो रहा है। घर-परिवार कमजोर हो रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी शराब, तंबाकू उत्पाद, चरस, अफीम सहित अन्य नशीले पदार्थों का सेवन भी कर रही है। इससे समाज पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के इतिहास के सहायक प्राध्यापक ने अपना मत व्यक्त करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक नुकसान पहुंचाता है बल्कि परिवार को भी पतन की ओर ढकेल देता है। अर्थशास्त्र विभाग सहायक प्राध्यापक मेघनाथ जायसवाल ने कहा कि सर्वप्रथम स्वयं को नशामुक्त बनाने के लिए विश्वास दिलाएं। कार्यक्रम में क्विज प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने प्रश्नों का उत्तर दिया। संकल्प व नशा न करने की शपथ ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कई लोग हटे चुनावी समर से अब भाजपा और कांग्रेस में टक्कर

**बलौदा।** नगर पंचायत बलौदा में नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी व कांग्रेस प्रत्याशी में आमने-सामने टक्कर है। इस पद के लिए मैदान में केवल दो ही प्रत्याशी हैं। बीजेपी ने अध्यक्ष पद के लिए जमुना देवी रात्रे को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस से कविता डहरिया प्रत्याशी हैं।

बीजेपी की जमुना देवी रात्रे 2013 से 2018 के बीच नगर पंचायत अध्यक्ष रही हैं। जबकि उसके पूर्व वह दो बार वार्ड नं 13 से पार्षद भी रह चुकी हैं। कांग्रेस प्रत्याशी कविता डहरिया पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। इसके पूर्व उन्होंने टिकट मांगा था, लेकिन नहीं मिला। फिर भी वह पांच साल पार्टी में सक्रिय रूप से काम करती रहीं। इसके परिणाम स्वरूप इस बार पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है। नगर पंचायत के कुल 15 वार्डों में एक दो वार्डों को छोड़ बाकी सभी वार्डों में बीजेपी कांग्रेस की सीधी लड़ाई है। वॉर्ड 04 में बीजेपी कांग्रेस के अलावा दो निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं।

इस वार्ड में पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष नजीर अहमद ने निर्दलीय उम्मीदवार बनकर व बीजेपी से टिकट मांग रहे राज कंवर ने निर्दलीय प्रत्याशी बनकर मुकाबला रोचक बना दिया है। बीजेपी ने यहां हितेश गौरहा को अपना प्रत्याशी बनाया है। उसी तरह वार्ड नं 09 में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद देवांगन ने अपनी पत्नी को उतारा है तो बीजेपी ने यहां के पूर्व पार्षद अजय कटकवार की पत्नी को प्रत्याशी बनाया है। नगर के लोगों में इस वार्ड को लेकर भी काफी उत्सुकता है। शेष सभी वार्डों में सीधा मुकाबला है।

## शिक्षण संस्थान में हुआ वार्षिकोत्सव

**सक्ती।** शहर के परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित पब्लिक स्कूल सक्ती में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टिकेश्वर गबेल थे। विशिष्ट अतिथि धनंजय नामदेव, रामनरेश यादव, अनिता गोपाल, सुषमा जायसवाल, लाखन नामदेव, गोपाल गौतम थे। अतिथियों ने साल भर स्कूल की पढ़ाई, विभिन्न गतिविधि, खेलकूद आदि सभी क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन करने पर स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा चेतना देवांगन बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया। स्कूल की स्टेट लेवल के खिलाड़ी निधि महंत, चेतना देवांगन, क्षमा बरेठ, ईशा साहू, अंकिता यादव, मनीषा धीरहे सभी को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि, विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव कृष्णा कुमार देवांगन, प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष रेखा देवांगन व प्राचार्य एम. विकास देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से दूर हो रहा ठंड का डर, जनजीवन सामान्य होना जारी

**रायगढ़।** रायगढ़ में सुबह से लेकर रात तक ठंड का असर पूरी तरह खत्म हो चुका है। दिन के समय गर्मी का अहसास होने लगा है। दोपहर में तेज धूप भी निकल रही है। पिछले करीब सप्ताह भर से इसी तरह की स्थिति देखने को मिल रही है।

पिछले साल की अपेक्षा इस बार कम ठंड पड़ी है। दिसबंर, जनवरी महीने में भी कुछ-कुछ दिन ही तेज ठंड थी। अब न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखी गई। फरवरी महीने के शुरुआत में ठंड पूरी खत्म होने की कगार पर है। रात में 12 से 1 बजे भी घरों के बाहर ठंड नहीं है। ऐसे में शहर की सड़कों में चहल पहल भी बढ़ गई है। बिना गरम कपड़ों के लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। ऐसे में पूरी तरह गर्मी का अहसास हो रहा है।

**पंखे, कूलर भी चलने लगे**

मौसम साफ होने से दोपहर में धूप तेज लगने लगी है। इससे रविवार को अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में गर्मी लगने से लोग अब पंखे, कूलर भी चलाने लगे हैं। यही नहीं दोपहर में धूप से बचने गमछे का भी सहारा लिया जा रहा है।



**सप्ताह भर में 2 डिग्री बढ़ेगा तापमान**

मौसम विभाग के रिकार्ड के अनुसार, रविवार से लेकर सप्ताह भर तक तापमान में बढ़ोतरी देखी जाएगी। सोमवार से 1 डिग्री तो बुधवार से न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे गर्मी पहले से अधिक बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

## अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 5 मिनट में आएगा ई-चालान

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में ट्रैफिक नियम तोड़ने पर अब 5 मिनट के अंदर ही फोन पर ई-चालान आएगा। जैसे ही नियम तोड़ेंगे, वैसे ही ITMS कैमरे में कैद हो जाएंगे। 10 मिनट के भीतर ऑनलाइन फाइन भी पटा सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, इससे हर दिन करीब 100 लोगों के चालान बनेंगे। बाद में यह संख्या बढ़ाई जाएगी।

दरअसल, पिछले दिनों रायपुर SSP ने ITMS सिस्टम का निरीक्षण किया था। जहां अपराधों की रोकथाम और यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर जल्द एक्शन लेने के निर्देश दिए। जिसके बाद ऑनलाइन चालान सिस्टम के सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया।

**10 मिनट के भीतर पटा सकेंगे चालान**

अब ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को 5 मिनट के भीतर उनके मोबाइल पर टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से चालान की पीडीएफ कॉपी भेज दी जाएगी। जिसे 10 मिनट के अंदर ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

**देरी से चालान आने पर लोग जता रहे थे आपत्ति**

ट्रैफिक अफसरों का कहना है कि, अभी वर्तमान में ई-चालान जारी होने में 8 से 10 दिन का समय लगता था। जिस कारण अधिकांश उल्लंघनकर्ताओं ने आपत्ति जताते थे कि, ट्रैफिक नियम तोड़ने के इतने दिन बाद चालान क्यों भेजा गया है। वो तुरंत चालान पटाने की मांग कर रहे थे।

**हर दिन करीब 1000 से अधिक लोगों का ई-चालान**

बता दें कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर की तरफ से शहर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। जिसके माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के खिलाफ लगभग 1000 से अधिक ई-चालान जारी किया जा रहा है। अभी वर्तमान में आईटीएमएस जो तत्काल ई-चालान जारी करेगा। उसकी शुरुआत केवल 100 लोगों तक सीमित रहेगा। जिनकी संख्या बाद में बढ़ाई जाएगी।

## सड़क पारा में भागवत कथा से पहले निकाली गई कलशयात्रा



**जांजगीर।** नगर के पुरानी बस्ती सड़क पारा मोहल्ला में कलश यात्रा के साथ रविवार 2 फरवरी को संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आरंभ हुआ। पुरानी बस्ती में 9 फरवरी तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। इसके बाद वेदी पूजन कर कथा प्रारंभ हुआ। कथा वाचक प्रणव महराज 9 फरवरी तक कथा वाचन करेंगें। इस दौरान 2 फरवरी को वेदी पूजन, प्रतिष्ठा महात्म कथा का आरंभ हुआ। इस धार्मिक आयोजन का समापन 9 फरवरी को हवन यज्ञ, सहस्त्रधारा स्नान और प्रसाद वितरण के साथ होगा। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए नगरवासी और मोहल्ले के लोग जुटे हुए हैं।

## महाकुम्भ जा रहे लोगों की कार ट्रक से टकराई, 6की मौतें

**अंबिकापुर।** रामानुजगंज से प्रयागराज में महाकुम्भ स्नान के लिए जा रहे लोगों की तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। यह घटना उत्तर प्रदेश के सोनभद्र से लगे नारायणपुर हथिनाला मार्ग की है। हाथीनाला पुलिस ने तीन घायलों को चोपन अस्पताल भेज दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार की शाम सात बजे चोपन की तरफ से छत्तीसगढ़ की तरफ आ रहा ट्रक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर को तोड़ते हुए रामानुजगंज की तरफ से जा रही कार (क्रेटा) को चपेट में ले लिया। इससे कार में सवार 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में करौंदा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा भी शामिल हैं।

कार को कटर मशीन से काट कर दूसरे घायलों को किसी तरह बाहर निकाला गया। वहीं पास में ही चाय पीकर अपने ट्रक में जा रहे एक ट्रक ड्राइवर और एक दूसरा व्यक्ति भी अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उनकी भी मौत हो गई। कई घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद थी और देर रात तक बचाव कार्य किया गया। हादसे के बाद सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

# आपदा में सहायता करने के लिए विद्यार्थी सीख रहे टिप्स

**रायगढ़।** सरकार द्वारा हाईस्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को विकल्प दिया गया है कि वे भाषा छोड़कर व्यावसायिक कोर्स इन्फार्मेशन टेक्नॉलॉजी या फिर हेल्थ केयर की पढ़ाई कर सकते हैं। इसलिए नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी संस्कृत, हिन्दी या फिर अंग्रेजी भाषा को छोड़कर आईटी या हेल्थ केयर की पढ़ाई कर रहे हैं। क्योंकि इन्हें बेसिक जानकारी होने के बाद डिग्री भी मिल रही है, जिससे उन्हें अलग से कोर्स करने की आवश्यकता नहीं होगी।

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत केंद्र सरकार द्वारा मिडिल स्कूल की शिक्षा के बाद हाईस्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत अलग-अलग विषयों को लेने की स्वतंत्रता दी गई है। नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए भाषा यानी संस्कृत, अंग्रेजी और हिन्दी में से किसी एक विषय के बदले विद्यार्थी कंप्यूटर कोर्स या हेल्थ केयर से संबंधित कोर्स कर सकता है। इस नई नीति के तहत के तहत नवमीं व दसवीं के विद्यार्थियों के पास तीनों में से कोई भी एक भाषा छोड़ने का विकल्प है। ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के पास हिन्दी और अंग्रेजी में से कोई एक भाषा लेने का विकल्प रहता है। हाई स्कूल के विद्यार्थी संस्कृत व अंग्रेजी छोड़ रहे हैं तो हायर सेकेंडरी के अधिकांश विद्यार्थी हिन्दी छोड़ कर व्यावसायिक पाठ्यक्रम पढ़ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में इंटर्नशिप भी करा रहे एनईपी के तहत व्यावसायिक कोर्स लेकर हेल्थ केयर की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल में बेसिक जानकारी दी ही जाती है, इसके अलावा उन्हें सरकारी अस्पतालों में ले जाकर इंटर्नशिप भी कराई जाती है। वहां उन्हें बीपी शुगर की जांच आदि की जानकारी दी जा रही है।

लैब बनाई, पेजिनेशन व प्रोग्रामिंग भी सीखा रहे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया में विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर लैब भी बनाई गया है। यहां 10 सेट कंप्यूटर लगाए गए हैं। यहां थ्योरी के अलावा प्रैक्टिल, बेसिक जानकारी, प्रोग्रामिंग, पेजिनेशन आदि सिखाया जाता है। आईटी सेंटर भी ले जाकर प्रैक्टिस कराया जाता है।

## जिला अस्पताल की लापरवाही से प्रशव वार्ड में बच्चे बदले

**दुर्ग।** दुर्ग जिला अस्पताल के मदर चाइल्ड वार्ड से बच्चा बदल जाने की शिकायत सामने आई है। यहां के स्टॉफ की लापरवाही से कुरैशी परिवार का बच्चा सिंह और सिंह परिवार का बच्चा कुरैशी के पास पहुंच गया है। मुस्लिम परिवार ने अपना बच्चा लेने के लिए अस्पताल प्रबंधन से शिकायत की है, लेकिन हिंदू परिवार बच्चा देने के लिए राजी नहीं हो रहा है।

मामला बीते 23 जनवरी की रात का है। यहां डिलिवरी वार्ड में भर्ती शबाना कुरैशी और साधना सिंह को थोड़े समय के अंतराल में बच्चा हुआ था। अस्पताल के स्टॉफ ने दोनों बच्चों के हाथ में मां के नाम का चिट भी लगाया, लेकिन डिलिवरी के बाद बच्चे नहलाने के दौरान बदल गए। शबाना का बच्चा साधना और साधना का बच्चा शबाना के पास पहुंच गया। इसके बाद दोनो प्रसूताओं को अस्पताल से डिस्चार्ज भी कर दिया गया। घर जाने के बाद जब शबाना कुरैशी बच्चे को नहला रही थी तो उसने देखा कि बच्चे के हाथ में जो चिट लगी है उसमें बेबी ऑफ साधना लिखा हुआ है। इससे उसे बच्चा बदलने का शक हुआ, क्योंकि उसके बगल के बेड में भर्ती महिला का नाम साधना था।



## शक्ति को महाकाली संगठन के लिए छत्तीसगढ़ का महामंत्री बनाया

**जांजगीर।** जांजगीर महाकाली संगठन ने शक्ति कुमार साहू डायरेक्टर कोर्स स्क्वायर कंप्यूटर इंस्टिट्यूट को प्रदेश महामंत्री बनाया है। संगठन प्रमुख डॉ. सार्थक राठौर की उपस्थिति में नियुक्ति की घोषणा की गई। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री शक्ति कुमार साहू ने कहा वे संगठन की शक्तियों का सदुपयोग समाजहित में करने के लिए संकल्प लेते हैं। संगठन प्रमुख डॉ. राठौर ने आशा जताई कि शक्ति कुमार अपने पद पर रहते हुए संगठन के उद्देश्यों को सशक्त बनाएंगे और सामाजिक उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

## नगदी और सामान लेकर भागे चोर

**जांजगीर।** रविवार की रात मोहल्ले के दो युवक चोरी की नीयत से दुकान में घुसे और दुकान के अंदर गल्ले में रखा नकद और सामान लेकर भाग निकले, इधर वारदात के बाद पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार बेलदारपारा निवासी सप्नील मसीह किराना दुकान का संचालक है। उसके घर में -रविवार की रात लगभग 1 बजे मोहल्ले में रहने वाला युवक अजय खैरवार और विनय वाल्मिकी चोरी के नीयत से अंदर घुसे, इसी बीच सप्नील की मां की नजर की पड़ी तो महिला इसका विरोध करने लगी, मगर दोनों युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान में रखे सामानों को लेकर भाग गए। वारदात के बाद सप्नील थाना पहुंचा और इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। बहरहाल पुलिस ने मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर विनय वाल्मिकी व एक अन्य के खिलाफ एफएफआर दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# सार्वजनिक स्थानों पर अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए संपर्क तलाशने वाले 09 लोगों पर हुई कार्रवाई





**बिलासपुर।** बिलासपुर में कोन्हेर गार्डन व छत्तीसगढ़ भवन के आसपास खड़े होकर देह व्यापार करने वाली 9 महिलाओं को पुलिस ने पकड़ा है। उनके साथ दो व्यक्ति भी पकड़े गए हैं। सभी देह व्यापार के कारोबार में शामिल हैं। महिलाएं पूरे दिन पार्क व आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूम कर माहौल खराब करते हैं। इसकी शिकायत आसपास के लोगों ने एसपी से की थी, जिसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने एक्शन लिया है। इस दौरान टीम ने नया बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में दबिश दी। जहां संदिग्ध रूप से घूम रहे युवकों को पुलिस ने खदेड़ दिया। वहीं, महिलाओं और युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, कोन्हेर गार्डन व छत्तीसगढ़ भवन के आसपास देह व्यापार करने वाली महिलाएं घूमतीं रहती हैं। इस दौरान वो ग्राहक तलाशती रहती हैं। उनके कारण इस जगह से गुजरने वाली सभ्रांत महिलाओं को दिक्कतें होती हैं और बदमाश युवक फब्तियां कसते हैं, जिससे परेशान होकर लोगों ने देह व्यापार करने वाली महिलाओं पर माहौल खराब करने की शिकायत एसपी से की थी।

**अश्लील इशारा करती हैं महिलाएं**

लोगों ने बताया कि महिलाएं संदिग्ध रूप से कोन्हेर गार्डन के आसपास खड़ी रहती हैं और आने जाने वालों मोहल्ले वालों और राहगीरों को देखकर अश्लील इशारे करती हैं। इनमें से कुछ राहगीर उनके अश्लील इशारों पर अपनी गाड़ी रोक उनसे कुछ बात करते हैं और उन्हें अपनी गाड़ी में बैठा कर चले जाते हैं। यह भी बताया कि इससे पूरे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। इसका विपरीत प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है। कोन्हेर गार्डन में सुबह शाम टहलने आने वाले बुजुर्गों और महिलाओं को भी उनकी हरकतों से शर्मिंदगी महसूस होती है।

**लेडी कांस्टेबल लेकर पहुंचे सीएसपी, चारों तरफ से की घेराबंदी**

एसपी रजनेश सिंह ने लोगों की शिकायत पर सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद महिला आरक्षकों व थाने की टीम के साथ पूरे कोन्हेर गार्डन को चारों तरफ से घेराबंदी कर खड़ी महिलाओं को पकड़ा गया। मौके पर दो पुरुष भी मिले, जो महिलाओं के साथ दलाली का काम करते है। सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर पुलिस सिटी मजिस्ट्रेट के कोर्ट में पेश करेगी।

**पुराने और नए बस स्टैंड में भी गश्त**

इसके अलावा सिरगिट्टी पुलिस ने नए बस स्टैंड में भी जांच की। लोगों से रैन बसेरा व आसपास घूमने वाली इस तरह की महिलाओं की सूचना पुलिस को देने को कहा। पुराना बस स्टैंड में भी तारबाहर और सिविल लाइन पुलिस ने गश्त किया। इस दौरान संदिग्ध मिले लोगों से पूछताछ की गई।

## जंगल में जुआ खेलते 11 आरोपी पकड़े गए

**बिलासपुर।** बिलासपुर में पुलिस ने 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जंगल में सभी आरोपी जुआ खेल रहे थे। इस दौरान 89 हजार रुपए नकद, 23 मोटरसाइकिल और 11 मोबाइल फोन जब्त किए गए।

जब्त की गई संपत्ति की कुल कीमत 12 लाख 39 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान करीब 12 जुआरी भागने में सफल रहे, लेकिन उनकी मोटरसाइकिलें पुलिस ने जब्त कर लीं।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जंगल में जुआरियों की महफिल जमी हुई है। इस सूचना पर कोटा नुपूर उपाध्याय के नेतृत्व में टीआई नरेश चौहान की टीम ने छापेमारी की। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## अनमोल वचन......

**भय को दूर भगाने के लिए ज्ञान व विवके की प्राप्ति ही एकमात्र उपाय है।**

# अवैध प्रवासियों के निष्कासन की घोषणा

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने देश से अवैध प्रवासियों के निष्कासन की घोषणा की है। अगर ट्रंप प्रशासन आप्रवासियों को बाहर निकालने की नीति को लागू करता है तो वह अवैध रूप से रहने वाले भारतीय भी अछूते नहीं रहेंगे। इस संबंध में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले भारतीय नागरिकों के बारे में नई दिल्ली के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत अवैध प्रवास का दृढ़ विरोधी है, क्योंकि जब कुछ अवैध होता है तो कई अन्य अवैध गतिविधियां भी उसमें शामिल हो जाती हैं। इसलिए भारत अमेरिका समेत विदेशों में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों की वैध वापसी की वापसी के लिए तैयार है। विदेश मंत्री का यह कथन मौजूदा वैश्विक संदर्भ में एकदम उचित है। भारत में भी ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे जहां लोग अपराध या आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े जुड़े रहे हैं, वे आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों के दबाव के चलते वैध-अवैध तरीके से बाहर भाग जाते हैं। वहां अपने को प्रताड़ित बताकर वहां के लचीले कानूनों का लाभ उठाकर नागरिक बनने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोग के पास न तो प्रताडऩा के पुख्ता सबूत होते हैं और न वहां पहुंचने का कोई वैध कारण होता है। ये लोग अपने मूल देश में समस्याएं खड़ी करके परिणाम से बचने के लिए अन्य देशों में पहुंचते हैं और वहां के समाज के लिए समस्याएं खड़ी करते हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देश ऐसे लोगों के लिए सुगम शरणस्थली रहे हैं। अमेरिका ने अगर अवैध आप्रवासियों को उनके मूल देश में वापस भेजने का निर्णय लिया है तो यह अकारण नहीं है। जयशंकर को राजनीतिक और नैतिक दोनों ही तौर पर अमेरिका के इस कदम का समर्थन करना था। भारत स्वयं अवैध और प्रवासियों की समस्याओं से जूझ रहा है जिन्होंने आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर संकट खड़े कर दिए हैं। भारत भी ऐसे अवैध आप्रवासियों के खिलाफ कदम उठा रहा है। इससे ऐसे लोगों पर लगाम लगेगी जो अपने देश और दूसरे देशों में अपने धत्कर्मों के कारण बोझ बन जाते हैं। लेकिन कुछ लोग रोजगार और व्यवसाय के लिए भी बिना समुचित वैध पपत्रों के पहुंच जाते हैं तो ऐसे लोगों पर विचार किया जाना चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा।

**वृष राशिः** आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी, इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। कामकाज में आपकी रुचि और बढ़ेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लगेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनायेगा। आज आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी समस्या खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वे काम समय पर पूरा हो जायेगे। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षको की सहायता लेंगे, जो आगे चलकर बेहद काम आयेंगी। आप अपने व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे,

**मकर राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनाएंगे।

**कुंभ राशिः** आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। सभी आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।

# लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी

//उमेश चतुर्वेदी//

**केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। बजट की तैयारियों के बीच सोशल मीडिया पर एक खबर जुगनू की तरह आई और तत्काल लुप्त हो गई थी। जिसने जुगनू के उस प्रकाश को देखा और उसके संकेतों को समझने की कोशिश की थी, उन्हें इस बात का आभास हो गया था कि आम बजट में क्या होने जा रहा है।**



सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरूखी से वह परेशान और निराश है। सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफ थे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा। वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है।

केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा वहीं रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही, सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है। रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है। सरकार ने इसी तरह बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 75 से 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। इससे बीमा क्षेत्र में विकास की उम्मीद है। अश्विनी राणा का कहना है कि इसके बावजूद सरकार को सचेत रहना होगा और बीमा कंपनियों को जनता को लूटने से बचाना होगा। सरकार को इसके लिए कड़ी निगरानी रखनी होगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए नए कोड की घोषणा शीघ्र होगी। जीवन रक्षक दवाइयों पर आयात शुल्क समाप्त करने से रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। हर जिले में कैंसर के इलाज की सुविधा देना भी बड़ा फैसला है। इसके साथ ही मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी है। आम आदमी का सपना है अपने सिर पर अपना छत होना। इस बजट के जरिए लोगों को घर खरीदने में राहत का भी ऐलान किया गया है। इससे लोगों के साथ ही रियल एस्टेट को भी फायदा होगा। जिससे निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

बिहार का पटना हवाई अड्डा इन दिनों बेहद व्यस्त है। लेकिन वह छोटा पड़ रहा है। इसके विकास और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए भी बजट प्रस्ताव किया गया है। इससे देश-विदेश में काम कर रहे बिहार के लोगों को सीधे फायदा होगा और उनकी अपनी माटी से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसके साथ ही, बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव है। इस संस्थान के जरिए समूचे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को मजबूती देने की तैयारी है। इसके द्वारा किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने की तैयारी तो है ही, उनकी आय में बढ़ोत्तरी का भी प्रस्ताव है। निर्मला सीतारमण के अनुसार, इस संस्थान के जरिए युवाओं को हुनरमंद बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही उन्हें उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा करेगा। बिहार में नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाएंगे। इसके जरिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को भी आर्थिक सहायता मदद दी जा रही है। इसके जरिए उत्तरी बिहार के 50 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सहूलियत बढ़ेगी। इससे मिथिलांचल की कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। यूं तो हर बजट सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक भी होता है। लेकिन आयकर छूट और बिहार को मिलने वाली विशेष सहायता योजनाओं के संदर्भ में यह राजनीतिक बजट भी है। हालांकि इन पंक्तियों को लिखे जाने तक किसी ने इस नजरिए से बजट पर सवाल नहीं उठाया है, लेकिन यह तय है कि इन प्रस्तावों से दिल्ली और बिहार के वोटरों को लुभाने की कोशिश की गई है। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि बजट के जरिए लोक को साधने के साथ ही आर्थिक स्थिति को भी बेहतर बनाने की कोशिश है। हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि जीएसटी दरों में राहत मिलेगी, मध्य वर्ग को कर्ज मुक्ति मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। लेकिन कह सकते हैं कि यह बजट कुछ संदर्भों में लोकलुभावन है तो कुछ अर्थों में नहीं। इन अर्थों में यह राजनीतिक भी है और राजनीतिक हित साधने का साधन भी।

# पाठ्यक्रमों में बदलाव भी बन गया सत्ता पाने का हथियार

//योगेंद्र योगी //

**कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढऩा होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशत तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं।**

देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सेलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सेलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सेलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार संघ परिवार जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे।

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गयी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्यपुस्तकों में प्रमुखता दी गई। राजनीतिक नजरिए से पाठ्यक्रमों में राज्य ही नहीं केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में रही उसने अपनी दलीलों के साथ बदलाव किए हैं। यह सब किया जाता है देशहित और संस्कृति-सभ्यता के इतिहास को बचाने के नाम पर। वर्ष 2019 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं के राजनीति विज्ञान पाठ्यपुस्तक में गुजरात दंगों के बारे में अध्याय जोड़ दिया गया। इस अनुच्छेद में दो परिवर्तन किये गये। अनुच्छेद में शामिल शीर्षक मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगे को बदलकर गुजरात दंगे कर दिया गया। इसी अनुच्छेद के पहले वाक्य से मुस्लिम शब्द भी हटा दिया गया। अनुच्छेद के शीर्षक के अलावा अनुच्छेद के अन्दर के पाठ को नहीं छुआ गया। गुजरात में भाजपा शासन के दौरान 2002 में हुए मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगों का संदर्भ पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान हुए सिख विरोधी दंगों को बरकरार रखा गया।

वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है जब सरकार ने पाठ्यपुस्तक संशोधन की कवायद की। इससे पहले 2017 और 2019 में पाठ्यपुस्तकों में संशोधन किया गया था। हटाए गए खंडों में मुगलों पर एक पूरा अध्याय शामिल है, जो एक मुस्लिम राजवंश था, जिसने भारत पर 200 वर्षों तक शासन किया और भारत के संस्थापक पिता मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज की चर्चा से संबंधित पाठ को हटाया गया। गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की ब्राह्मण उत्पत्ति और भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर लगाए गए संक्षिप्त प्रतिबंधों को सुविधाजनक रूप से हटा दिया गया, जैसा कि 2002 के गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों को भी हटाया गया। वर्ष 2022 में एनसीईआरटी ने स्कूलों की किताबों में बदलाव किये। इनमें प्राचीन और मध्ययुगीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के बारे में अभी तक पढ़ाए जाने वाले कई तथ्यों को हटा दिया गया। मम्लूक, तुगलक, खिलजी, लोधी और मुगल साम्राज्य समेत सभी मुस्लिम साम्राज्यों के बारे में जानकारी देने वाले कई पन्नों को हटाया गया। जाति व्यवस्था से भी जुड़ी काफी जानकारी को हटा दिया गया, जैसे वर्ण प्रथा वंशानुगत होती है, एक श्रेणी के लोगों को अछूत बताना, वर्ण प्रथा के खिलाफ विरोध, 2002 के गुजरात दंगे, आपातकाल, नर्मदा बचाओ आंदोलन जैसे जन आंदोलनों आदि जैसी आधुनिक भारत की कई महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानकारी को भी हटा दिया गया। पाठ्यपुस्तकों से विवादास्पद हटाए गए तथ्यों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा था कि भाजपा-आरएसएस पाठ्यपुस्तक की सामग्री बदल सकते हैं, लेकिन वे इतिहास को नहीं मिटा सकते।

भाजपा सरकार द्वारा पाठ्यपुस्तकों के भगवाकरण की व्याख्या करते हुए, केरल के कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा था कि संघ परिवार इतिहास के निरंतर भय में रहता है क्योंकि यह उनके असली चेहरे को उजागर करता है। वे इतिहास को फिर से लिखने और उसे झूठ से ढकने का सहारा लेते हैं। संघ परिवार में आरएसएस और भाजपा सहित उसके संबद्ध संगठन शामिल हैं। रोमिला थापर और जयति घोष जैसे प्रख्यात शिक्षाविदों, जिन्होंने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के पिछले संस्करण लिखे हैं, ने एक सार्वजनिक बयान जारी कर हटाए गए शब्दों को वापस लेने की मांग की थी। इन बदलावों को विभाजनकारी उद्देश्यों से प्रेरित बताते हुए बयान में कहा गया कि किताबें लिखने वालों से सलाह लेने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह एक ऐसा निर्णय है जो भारतीय उपमहाद्वीप के संवैधानिक लोकाचार और समग्र संस्कृति के खिलाफ है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए इतिहास के पाठ्यक्रम में अहम बदलाव किए। ये बदलाव सिंधु घाटी सभ्यता के उदय और पतन को लेकर हैं। ये बदलाव हरियाणा के राखीगढ़ी में स्थित सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल से प्राप्त प्राचीन डीएनए के अध्ययन के आधार पर किए गए। इस अध्ययन से माना जाता रहा कि आर्यों के आगमन का सिद्धांत गलत साबित होता है। सरकारों का जोर ज्यादातर राजनीतिक विज्ञान, समाज विज्ञान और हिन्दी की पुस्तकों पर सुविधा के हिसाब से बदलाव पर जो रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने देवली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार राजेश चौहान के समर्थन में प्रचार किया।



कोलकाता में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा समारोह के दौरान एक पंडाल में सेल्फी लेते छात्र।



भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य रानी एक्सप्रेस का संचालन हाल ही में पूर्णतः महिला चालक दल द्वारा किया गया।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रागिनी नायक दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले घर-घर जाकर प्रचार कर रही हैं।




भारतीय खिलाड़ी क्वैलंग के बेयूमास ओवल में आईसीसी महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए।



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मुंबई दौरे के दौरान प्रसिद्ध पारसी जिमखाना में युवा क्रिकेटरों के साथ क्रिकेट खेला।



मटियाला विधानसभा से आप उम्मीदवार सुमेश शौकीन ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए नई दिल्ली में रोड शो किया।

# कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे मांझी, नए दावे से बिहार में तेज हुई सियासी हलचल, बोले- हम कोना लेकर नहीं रहेंगे



**जहानाबाद, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने विधानसभा चुनाव में फिर 20 सीट का दावा ठोका है। घोसी हाई स्कूल के मैदान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर चार रोटी में एक रोटी हिस्सा होता है तो हम कोना लेकर नहीं रहेंगे। अपना हिस्सा लेकर रहेंगे। सीट की बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह तो एनडीए गठबंधन की बैठक में तय होगा। लेकिन मैंने कहा है कि 20 सीट जीतने का दावा कर रहे हैं। इससे अधिक पर हम चुनाव लड़ेंगे। हम आम जनता को कह रहे हैं कि 20 सीट जीत कर देंगे।इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि उनको कुछ समझ में नहीं आता है।

तेजस्वी यादव द्वारा मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य को लेकर दिए जा रहे बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जीतनराम मांझी ने कहा कि तेजस्वी यादव पहले खुद अपना मेडिकल रिपोर्ट जारी करें।उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव कोई आंदोलन के नेता नहीं है। कभी भी आंदोलन नहीं किए हैं, इसीलिए बजट के बारे में कुछ भी समझ में नहीं आता है। तेजस्वी यादव एक समूह के नेता है इसीलिए इधर-उधर की बात करते हैं। उन्होंने कहा की बिहार को विशेष राज्य का दर्जा में जितना मिलना चाहिए था उतना इस बजट में मिला है। केंद्र सरकार बिहार का विशेष रूप से ध्यान दिया गया है।मांझी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसी को लिए 2025 का बजट काफी महत्वपूर्ण है। मौके पर प्रदेश पूर्व मंत्री डा अनिल कुमार ने कहा कि कम समय में हमारी पार्टी सभी जगह मजबूती से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने में भी जीतन राममांझी खड़ा हो जाते हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता राजेश रंजन ने किया। संचालन मनीष कुमार ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को निरंजन कुमार, पम्पी शर्मा, राष्ट्रीय सचिव रितेश कुमार उर्फचुन्नु शर्मा, सुनील शर्मा, सेवानिवृत अधिकारी प्रभात भूषण श्रीवास्तव, पिन्टु रजक एवं धनन्जय पासवान समेत कई लोगों ने संबोधित किया। उधर, जीतन राम मांझी की ओर से रविवार को लिट्टी विद मांझी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## केरल को अगर और धन चाहिए तो खुद को पिछड़ा घोषित करे, केंद्रीय मंत्री ने क्यों कही ये बात ....

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जार्ज कुरियन ने कहा है कि अगर केरल को केंद्र सरकार से और अधिक धन चाहिए तो राज्य को घोषित करना चाहिए कि वह शिक्षा, बुनियादी ढांचे व सामाजिक कल्याण के मामले में पिछड़ा हुआ है।दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कुरियन ने यह टिप्पणी केरल में सत्तारूढ़ माकपा और विपक्षी कांग्रेस की ओर से केंद्रीय बजट 2025-26 की तीखी आलोचना करने के मद्देनजर की है। दोनों ने शनिवार को केंद्र सरकार पर बजट में राज्य की सभी मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया था। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन ने कहा था कि 24,000 करोड़ रुपये के विशेष वित्तीय पैकेज और वायनाड के पुनर्वास के लिए एक अन्य पैकेज सहित राज्य की कई मांगों की बजट में अनदेखी की गई। उन्होंने बजट को निंदनीय, अत्यंत निराशाजनक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया था।इस बयान पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुधन एवं डेयरी राज्यमंत्री कुरियन ने कहा कि केंद्र सरकार इस तरह के वित्तीय पैकेज उन राज्यों को देती है जो विभिन्न मामलों में पिछड़े हैं। केरल अगर इसकी घोषणा कर देगी तो वित्त आयोग उसकी पड़ताल करेगा और केंद्र सरकार को रिपोर्ट देगा। सरकार इस रिपोर्ट के आधार पर फैसला लेगी।

## देवास में बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय महामंत्री को मारी गोली, छोटी सी बात पर हुआ झगड़ा



**देवास, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के देवास से गोली कांड की खबर सामने आई है। यहां पर रविवार को बजरंग सेना के पदाधिकारियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री को जिलाध्यक्ष ने गोली मार दी। गोली सीधे कंधे पर जाकर लगी। इसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें इंदौर भेज दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार हालत खतरे से बाहर है। बताया जाता है कि विवाद का कारण फरियादी ने अवैध गतिविधियों को लेकर समझाइश देने पर होना बताया है। वहीं, इस विवाद की दूसरे पहलुओं से भी जांच की जा रही है। हमला करने वाले मुख्य आरोपित सहित उसके दो साथियों को भी पुलिस द्वारा राउंड अप कर लिया गया है, उनसे पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित बावरा निवासी कालापाठा बजरंग सेना का राष्ट्रीय महामंत्री हैं। वह सतवास-खंडवा मार्ग स्थित कपिल जायसवाल बजरंग सेना जिलाध्यक्ष के ढाबे पर आए थे। यहां रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे कहासुनी के दौरान विवाद में अंकित को कपिल ने गोली मार दी। गौरतलब है कि सतवास थाना टीआई बीडी बीरा ने बताया कि आरोपित कपिल सहित उसके साथ गबरू राठौर, विनोद कोरकू तीनों निवासी सतवास को घेराबंदी करके राउंड अप कर लिया गया है।

## अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान में लगी आग, पंख पर दिखीं आग की लपटें, सभी यात्री सुरक्षित

**ह्यूस्टन।** न्यूयार्क जा रहे यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान में रविवार सुबह आग लग गई। इसके बाद सभी यात्रियों और चालक दल सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि जार्ज बुश इंटरकांटिनेंटल एयरपोर्ट से यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1382 को इंजन में खराबी की वजह से स्थगित करना पड़ा।एक मीडिया फुटेज में विमान के पंख पर आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। इसमें एक परिचारिका को यात्रियों को सीटों पर बैठे रहने का निर्देश देते हुए सुना जा सकता है। जबकि एक यात्री कह रहा है कि आग लगी है। ह्यूस्टन अग्निशमन विभाग के अनुसार यात्रियों को सीढ़ियों और इमरजेंसी स्लाइड के जरिये बाहर निकाल लिया गया।

# वाटरफॉल देखने जा रही छात्रा का पैर फिसला 500 फीट गहरी खाई में गिरी, हो गई मौत



**भोपाल, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के धार जिले में पिकनिक मनाने गई एक छात्रा का पैर फिसल गया और वह सीधा 500 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

छात्रा के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई।जब तक पुलिस और ग्रामीण उसके पास पहुंचते, तब तक काफी देर हो गई थी। घटना धार जिला मुख्यालय से 65 किमी दूर जोगी भड़क वाटरफॉल पर हुई। मृतक छात्रा इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहती थी। दरअसल इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के छात्रावास से करीब 40 स्टूडेंट्स का एक ग्रुप पिकनिक मनाने के लिए धार जिले के जोगी भड़क वाटरफॉल पहुंचा था। वाटरफॉल देखने के लिए सीढ़ियों से उतर रहे थे।तभी अनूपपुर निवासी छात्रा अंशिका शुक्ला का पैर सीढ़ियों से फिसल गया और वह सीधे खाई में 500 फीट नीचे गिर गई। उसे गिरता देख दूसरे छात्र-छात्रा घबरा गए और किसी ने पुलिस को सूचना दी।किसी तरह कच्चे रास्ते से होते हुए पुलिस और ग्रामीण लकड़ी एवं रस्सी की मदद से खाई के अंदर नदी के पास पहुंचे। अंशिका के सिर में गहरी चोट आई थी और तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।छात्रा के शव को किसी तरह खाई से बाहर लाया गया। छात्रा के शव को धामनोद अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# अनिल विज ने बिजली सुविधा केंद्र पर मारा छापा, शिकायतकर्ता को लगाया फोन, मिला यह जवाब तो भड़क गए गब्बर



**रोहतक, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

बिजली मंत्री अनिल विज ने रोहतक के पावर हाउस चौक स्थित बिजली सुविधा केंद्र पर छापा मारा। यहां जांच में मंत्री अनिल विज को चार घंटे से अधिक छह शिकायतें लंबित मिली।अब छह अलग-अलग टीमों में शामिल सभी कर्मियों की ड्यूटी का ब्यौरा तैयार करके उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। स्पष्टीकरण भी मांगा जाएगा।मंत्री विज सुविधा केंद्र पर दोपहर करीब दो बजे पहुंचे। यहां करीब 15-20 मिनट तक राजीव गांधी विद्युत सदन में सुविधा केंद्र पर ऑनलाइन, वाट्सएप ग्रुप के मैसेज व फोन, टोल फ्री नंबरों के माध्यम से आने वाली शिकायतों का ब्यौरा लिया।

रोहतक के सांपला क्षेत्र के मोरखेड़ी के शिकायकर्ता को फोन किया तो शिकायत का समाधान न होने की जानकारी दी। भिवानी के खरक गांव की बिजली आपूर्ति रोहतक से होती है। इसलिए संबंधित गांव के उपभोक्ता नरेंद्र कुमार को भी फोन किया तो उन्होंने शनिवार को गांव में बिजली की आपूर्ति न होने की बात कही।बता दें कि रविवार को मंत्री विज को नगर निगम के निवर्तमान मेयर मनमोहन गोयल के आवास पर उनकी सेहत की जानकारी लेने के लिए जाना था।

शहर में माता दरवाजा स्थित संकट मोचन हनुमान धाम में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान कथा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे। हालांकि, निवर्तमान मेयर मनमोहन के घर के बजाय कुछ शिकायतों का संज्ञान लेकर मंत्री विज ने पावर हाउस स्थित बिजली सुविधा केंद्र पर छापा मार दिया। बाद में मनमोहन गोयल के आवास पर पहुंचे।

# मौसम लेगा रहा है करवट, फिर लगेगा ठंड का झटका, बारिश का भी पूर्वानुमान



**नईदिल्ली, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

सोमवार से मौसम एक बार फिर करवट लेगा। अगले दो दिन हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है तो दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी। इससे ठंड बढ़ना भी तय है। फिलहाल भले ही दिन के समय गर्माहट का एहसास हो रहा हो, लेकिन अगले दो तीन दिन ठंड का एहसास होने के आसार हैं।वैसे रविवार को भी मौसम में आंशिक बदलाव देखने को मिला। आंशिक रूप से छाए रहे बादलों और खिलती रही धूप के बीच बीते कई दिनों की तुलना में दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक 22.4 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक 11.4 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 98 से 54 प्रतिशत रिकार्ड किया गया। रविवार को पालम राजधानी का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां का अधिकतम तापमान 20.3 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा।मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार सुबह स्मॉग और मध्यम श्रेणी का कोहरा रहने के आसार हैं।

कहीं कहीं घना कोहरा भी हो सकता है। दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। शाम अथवा रात के समय हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है।अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 22 और नौ डिग्री रह सकता है। यलो अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। इसके बाद मंगलवार सुबह भी हल्की वर्षा होने की संभावना है।

इससे तापमान और गिरकर 19 से 12 डिग्री पहुंच सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले कई दिन ठंडक का यह एहसास बना रह सकता है।रविवार को लगातार पांचवें दिन दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 326 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह सूचकांक 355 के अंक पर रहा था। यानी चौबीस घंटों के भीतर इसमें 29 अंकों की वृद्धि हुई है।

## सवर्ण को संभालना चाहिए जनजातीय मामलों का मंत्रालय, केंद्रीय मंत्री के बयान पर मचा विवाद, इस्तीफे की उठी मांग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री सुरेश गोपी ने रविवार को यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि जनजातीय मामलों का मंत्रालय सवर्ण जाति के लोगों को संभालना चाहिए। हालांकि बाद में वह अपने बयान से पीछे हट गए।अभिनय जगत से राजनीति में आए गोपी ने दिल्ली में भाजपा के पक्ष में प्रचार के दौरान एक जनसभा में कहा कि जनजातीय लोगों के कल्याण में वास्तविक प्रगति तभी होगी जब मंत्रालय की जिम्मेदारी सवर्ण जाति के नेता संभालेंगे।बाद में सुरेश गोपी ने कहा कि उन्होंने अच्छे इरादे से यह बात कही थी। अगर उनकी बात अच्छी नहीं लगी या यह स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है तो वह अपना बयान वापस लेते हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय भी संभाल रहे गोपी ने कहा था, यह हमारे देश का अभिशाप है कि केवल आदिवासी समुदाय से आने वाले व्यक्ति को ही जनजातीय मामलों का मंत्री बनाया जा सकता है।

# कोलकाता में सरस्वती पूजा को लेकर विवाद गरमाया, शिक्षा मंत्री के सामने रोते हुए बोलीं छात्राएं- रेप की धमकी मिल रही




**कोलकाता, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

कोलकाता के जोगेशचंद्र चौधरी लॉ कॉलेज में सरस्वती पूजा को लेकर विवाद जारी है। रविवार को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु को कॉलेज के छात्रों के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा।कॉलेज की कई छात्राएं मंत्री के सामने रो पड़ीं और आरोप लगाया कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के नेता साबिर अली के नेतृत्व में बाहरी लोगों द्वारा कॉलेज परिसर में पूजा आयोजित करने से रोका जा रहा है।छात्राओं ने कहा कि उन्हें दुष्कर्म की धमकी भी दी गई। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कॉलेज की घटना को लेकर रिपोर्ट तलब की है।बता दें कि कॉलेज परिसर में पूजा के आयोजन को लेकर छात्रों के दो समूहों के बीच विवाद के बाद कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कोलकाता पुलिस से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि छात्र पर्याप्त सुरक्षा के साथ पूजा आयोजित कर सकें।

इस दिन पुलिस की निगरानी में पूजा आयोजित की गई। ब्रात्य बसु और तृणमूल कांग्रेस की स्थानीय सांसद माला रॉय जब कॉलेज परिसर में गए और छात्राओं से मिले तो एक समूह ने हमें न्याय चाहिए के नारे लगाए।मंत्री ने कहा कि अगर किसी ने धमकी दी है तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। वहीं, आरोपों को खारिज करते साबिर अली ने कहा कि हम कॉलेज की बगल वाली गली में सरस्वती पूजा का आयोजन कर रहे हैं। किसी को कोई धमकी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि वे ऐसा कोई वीडियो (धमकी देने का) नहीं दिखा सकते। कॉलेज का पूर्व छात्र होने के नाते मुझे सरस्वती पूजा का हिस्सा बनने का अधिकार है। सांसद माला रॉय ने कहा कि वह इस समस्या को लेकर इसी हफ्ते बैठक करेंगी।

# झारखंड से युवतियों को बहलाकर दिल्ली लाता था शख्स, फिर करवाता था गंदा काम, शातिर आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**बाहरी दिल्ली, 03 फरवरी [एजेंसी]।**



झारखंड पुलिस ने दिल्ली पुलिस व कई एनजीओ के सहयोग से नौकरी के बहाने युवती को देह व्यापार में धकेलने वाले ईश्वर तुरी नाम के तस्कर को बुराड़ी से शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। बचाव दल ने झारखंड के साहिबगंज जिले की चार तस्करी की गई युवतियों को भी बुराड़ी इलाके से आरोपित के कब्जे से बचाया। मेडिकल जांच के दौरान एक युवती गर्भवती पाई गई। जांच में पता चला कि आरोपित अपने सहयोगियों की मदद से साहिबगंज से लड़कियों की तस्करी करता है और उन्हें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में घरेलू सहायिका के रूप में काम पर रखता है। आरोपित ईश्वर तुरी कई महीनों से फरार था। इस रेस्क्यू में मिशन मुक्ति फाउंडेशन निदेशक विरेंद्र कुमार सिंह, रेस्क्यू फाउंडेशन से अक्षय पांडेय, झारखंड भवन से निर्मला और राहुल, रेस्क्यू एंड रिलीफ फाउंडेशन से सिद्धांत घोष शामिल रहे। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के मानव तस्करी विरोधी सेल के निर्देश पर पूरी कार्रवाई हुई। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस के सहयोग से नौकरी के बहाने युवती को देहव्यापार में धकेलने वाली महिला पूनम मरांडी को पांच महीने पहले गिरफ्तार किया था। महिला को दिल्ली के शकूरपुर से गिरफ्तार किया गया था। आरोपित ईश्वर तुरी इसी मामले में वांछित है। झारखंड उच्च न्यायालय और साहिबगंज जिला न्यायालय ने ईश्वर तुरी की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किए थे।जानकारी के मुताबिक आरोपित ईश्वर तुरी को एक प्लान के तहत पकड़ा गया है।

झारखंड भवन की काउंसलर ने उसे फोन करके बताया कि वह एक घर में काम करती है और मकान मालिक ने उसे वेतन नहीं दिया। उसने तस्कर से मदद की गुहार लगाई। तुरी ने उसे बुराड़ी बाईपास पर बुलाया। फिर डमी ऑटो चालक बनकर विरेंद्र कुमार ने तस्कर से बात की, फिर उसने महिला को लेकर नत्थूपुरा बस स्टैंड पहुंचने को कहा। पदाधिकारी ने तुरंत डीसीपी बाहरी-उत्तरी व उत्तरी जिला को तस्कर को लेकर पूरी जानकारी दी। डीसीपी ने तुरंत टीम को स्वरूपनगर और तिमारपुर इलाके के एसीपी से जोड़ा। एसीपी ने बिना समय गंवाए तस्कर को नत्थूपुरा बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित एक वर्ष पूर्व मानव तस्करी मामले में झारखंड के गोड्डा जेल भी जा चुका है। इस आपरेशन में दोनों ही जिला के पुलिस उपायुक्त का अहम योगदान रहा। बिना समय गंवाए, उन्होंने तुरंत कार्रवाई की।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा गोपालगंज, रिटायर्ड फौजी की गोली मारकर हत्या, दुकान पर बैठकर कर रहे थे बात



**गोपालगंज, 03 फरवरी [एजेंसी]।**

मीरगंज थाना क्षेत्र के मीरगंज पावर हाउस के समीप स्थित एक टाइल्स दुकान में रविवार को सेवानिवृत बीएसएफ जवान बैठकर दुकानदार से बातचीत कर रहे थे।इस बीच बाइक सवार दो की संख्या में आए अपराधियों ने पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान दुकानदार के शरीर में दो जगह और सेवानिवृत बीएसएफ के जवान के सिर में गोली मारने के बाद फायरिंग करते हुए दोनों अपराधी फरार हो गए।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए हथुआ अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंची। यहां चिकित्सकों ने सेवानिवृत बीएसएफ के जवान को मृत घोषित कर दिया। जबकि दुकानदार की हालत गंभीर देखकर गोरखपुर रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, मीरगंज थाना क्षेत्र के मीरगंज पावर हाउस के समीप अपना मकान बनाकर रह रहे उचकागांव थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव के पूर्व मुखिया डीके सिंह के भाई सेवानिवृत बीएसएफ के जवान सत्येंद्र सिंह रविवार को अपने घर से निकलने के बाद अपने पोते को लेकर टहलते हुए पास में स्थित एक टाइल्स दुकान पर बैठ गए।

इस दौरान वह दुकानदार नयन प्रसाद से बातचीत करने लगे। तभी एक बाइक पर सवार होकर आए दो की संख्या में अपराधियों ने दुकान के पास बाइक रोककर पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान दुकानदार नयन प्रसाद के हाथ व कंधे पर गोली लग गई। जिससे वह जमीन पर गिर गए।इस दौरान सेवानिवृत बीएसएफ के जवान सत्येंद्र कुमार सिंह के सिर में गोली लग गई। घटना के बाद दोनों को हथुआ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने सेवानिवृत बीएसएफ के जवान को मृत घोषित कर दिया।डॉक्टरों ने जख्मी दुकानदार को गोरखपुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी अवधेश दीक्षित, हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन प्रसाद मौके पर पहुंच कर मामले की जांच करने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सदर एसडीपीओ प्रांजल व नगर थानाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया। एफएसएल की टीम मामले की जांच कर रही है।

# केंद्रीय विद्यालय में बिना आग खाना पकाने प्रतियोगिता आयोजित

## बच्चों के व्यंजनों की शिक्षकों व स्टाफ ने की सराहना

**कोरिया चिरमिरी। केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में शनिवार को कौशल बोध कार्यक्रम के अंतर्गत बिना आग खाना पकाने ( कुकिंग विदाउट फायर ) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और पाक-कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए बिना आग के विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए। प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का विद्यालय के शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ ने आनंद लिया और उनकी सराहना की।**

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री पॉल उदय अरोंग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में रचनात्मकता और पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाती हैं।




बिना आग के खाना पकाने की कला स्वस्थ एवं संतुलित आहार को प्रोत्साहित करती है। मुझे उम्मीद है कि विद्यार्थी आगे भी ऐसे कौशल विकसित करेंगे, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होंगे। कार्यक्रम संयोजक ऋषिकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए एक रोचक अनुभव रही, जिससे उनके रचनात्मक कौशल का विकास हुआ।

उन्होंने सीखा कि सही तकनीक और नवाचार से स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन तैयार किया जा सकता है। यह प्रतियोगिता स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक शिक्षकों ने विभिन्न स्लॉट में जाकर विद्यार्थियों के व्यंजनों का निरीक्षण किया और उन्हें स्वच्छता, पोषण एवं संतुलित आहार की महत्ता के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने इस आयोजन की सराहना की।



## नशीली इंजेक्शन के विक्रेता एवं खरीददार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के सख्त निर्देश पर थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा निरंतर अवैध कारोबार व सूखा नशा के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। 02.02.2025 को थाना भटगांव पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर राहुल शर्मा उर्फ बल्लू पिता साधुशरण शर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी जरही को पकड़ा जिसके कब्जे से 63 नग नशीली इंजेक्शन बिक्री करते एवं उपयोग हेतु खरीदते प्रदीप कुमार रवि पिता देवनारायण उम्र 28 वर्ष ग्राम बंशीपुर व अजय सारथी पिता बाल कुमार उम्र 28 वर्ष ग्राम जरही के कब्जे से 1-1 नग नशीली इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया। मामले में 65 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 32500 रूपये है। मामले में धारा 21(सी), 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, एसआई अश्विनी पाण्डेय, महिला प्रधान आरक्षक अरूणा बिसेन, आरक्षक दिनेश ठाकुर, प्रकाश साहू, नौशाद खान, रजनीश पटेल व संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।

## पुलिस के क्रिकेट टूर्नामेंट में रमकोला के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, मिला पुरस्कार

### डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने खिलाड़ियों को दी बधाई



**सूरजपुर।** सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में आम नागरिकगणों को पुलिस से जोड़ने की दिशा में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में थाना रमकोला पुलिस के द्वारा टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया। इस प्रतियोगिता के सभी मैच ग्राम बड़वार में खेले गए जिसमें रमकोला क्षेत्र के 16 गांव की टीम ने हिस्सा लिया।

क्रिकेट मैच का फाईनल मुकाबला शनिवार, 01 फरवरी 2025 को हुई जिसमें ग्राम रमकोला एवं बड़वार की टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें रमकोला की टीम ने 15 रनों से मैच अपने नाम किया। थाना प्रभारी रमकोला हीरालाल साहू ने विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान खिलाड़ियों के अलावा काफी संख्या में गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

नशे से दूर रखने, नशे की बुराई से मजबूती से लड़ने अभियान ''नवजीवन'' से जुड़ने की अपील। इस प्रतियोगिता में शामील सभी खिलाड़ियों को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने बधाई देते हुए कहा कि हमारी कोशिश है कि आम जनता के सहयोग से समाज में भयमुक्त, अपराध मुक्त वातावरण निर्मित हो और लोग पुलिस को अपना मित्र समझें। खेल का स्थान जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है। हमे खेल भावना से खेलना चाहिए। इस आयोजन से पुलिस 16 गांवों के करीब 7000 लोगों के सीधे सम्पर्क में आई है जिन्हें सुरक्षा, यातायात नियमों एवं कानून संबंधी कई विषयों को लेकर जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को नशा से दूर रखने, खेल एवं स्वस्थ्य जीवन की ओर अग्रसर होने तथा नशे की बुराई से मजबूती से लड़ने की पहल को लेकर पुलिस के द्वारा ''नवजीवन'' अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान से जुड़कर नशा न करने न करने देने, नशा मुक्त समाज बनाने में सहभागिता देने की अपील की।

### किसान,युवा,महिला के साथ मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक

## केंद्रीय बजट भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज:साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट से मोदी जी का वह वचन फिर से पूरा हुआ है कि जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हे मोदी जी पूजते हैं। समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज है। स्वतंत्र भारत के इतिहास के चंद ऐतिहासिक बजटों में से यह एक है।

साय ने कहा कि जो प्रावधान इस बजट में किए गए हैं वो केवल प्रधानमंत्री श्री मोदी ही कर सकते हैं। इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है। भारत अब विश्व का नेतृत्व करेगा यह तय हो गया है।

आज पेश हुआ यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है, जिसे भारत देश में हमेशा याद रखा जाएगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी, पूर्व की सरकार में जहां 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी जी की सरकार में 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियाँ बनाई हैं। इस बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, दालों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों के लिए यूरिया फैक्ट्री लगाने और किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के निर्णय किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। देश के व्यापार-उद्योग को बढ़ावा देने एवं बड़ी संख्या में रोजगार के सृजन के प्रावधान इस बजट में मौजूद हैं। एमएसएमई को लोन की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रूपए करने का निर्णय, स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ का फंड देने एवं अब मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड का अभियान भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय साबित होगा। 22 लाख श्रमिकों के लिए लेदर स्कीम, एक करोड़ वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा और भारत को खिलौनों का ग्लोबल हब बनाने का निर्णय देश के युवाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर पैदा करने जा रहा है। भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की जीवन रक्षक दवाइयों को पूरी तरीके से टैक्स में छूट दे दी गई है, साथ ही कैंसर के लिए 200 केयर यूनिट भी बनाई जाएंगी।ऐसे संवेदनशील निर्णय पर हम मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं। आधारभूत संरचना के लिए राज्यों को डेढ़ लाख करोड़ रुपए दिए जाने का निर्णय राज्यों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला प्रशंसनीय निर्णय है। साथ ही 1 लाख करोड़ का फंड अर्बन डेवलपमेंट के लिए मिलने से शहरों का विकास होगा।आदिवासी एवं दलित महिलाओं को 5 लाख तक के लोन का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं को समर्पित बजट है। देश में रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होगा। भारत के विकसित भारत बनने की दिशा में इस बजट के प्रावधान बेहद मददगार साबित होंगे। देश की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। देश के हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान है। यह भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला बजट है। यह बजट भारत में निवेश की संभावनाओं को प्रबल करेगा और भारत की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ की संभावनाओं को बल देगा।

## संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज आध्यात्मिक चेतना के पुंज:मुख्यमंत्री

**रायपुर।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज आध्यात्मिक चेतना के पुंज थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा आचार्य जी से आशीर्वाद लेते थे, उनसे प्रेरणा ग्रहण करते थे। हम सबका सौभाग्य है कि आचार्य जी ने हमेशा हमें प्रेरित किया। यह छत्तीसगढ़ की भूमि धन्य है कि जिसे आचार्य जी ने इतना प्रेम दिया और संलेखना के लिए प्रदेश की इस धरती को चुना। आज उनकी समाधि स्मृति महोत्सव में दर्शन पाकर सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ। मेरी प्रार्थना है कि छत्तीसगढ़ के ऊपर उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहे, प्रदेश में सदैव खुशहाली हो।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि तीर्थस्थल में जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव में सम्मिलित हुए और समाधि के दर्शन किये जहाँ देशभर से पहुंचे अनुयायियों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ वासियों का परम सौभाग्य है कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने धर्मचर्या के लिए अपने यशस्वी जीवन का लम्बा समय डोंगरगढ़ के चंद्रगिरि तीर्थस्थल में व्यतीत किया। आचार्य जी के विचार और उनका जीवन-दर्शन हम सबको प्रेरणा देते रहेंगे। जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज ने समाज को सत्य, अहिंसा और परमार्थ के मार्ग में चलने के लिए एकजुट किया। बाबा जी का जीवन सर्वजन के लिए अनुकरणीय है। सीएम साय ने कहा कि आचार्य जी के धार्मिक विचार तो प्रेरित करते ही हैं, भारत के प्रति उनकी सोच भी अनुकरणीय है, जिन्होंने देश के करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। उन्होंने राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। अपने संदेश से उन्होंने भारत की एकता को लगातार मजबूत करने का काम किया। उनका स्पष्ट मत था कि भारत में भारतीय शिक्षण पद्धति लागू हो और लोगों के बीच बातचीत के लिए भारतीय भाषा में व्यवहार हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से उनके विचारों को मूर्त रूप देने का प्रयास किया है। आज हमारी शिक्षा पद्धति भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जुडी हुई है। हमें इस बात कि हार्दिक खुशी है कि आचार्य जी के जीवनकाल में उनका यह स्वप्न मूर्त रूप ले सका। महोत्सव में पूज्य मुनि संतसागर जी महाराज, देशभर से आए मुनिगण, साध्वीगण, अनुयायी एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## तेंदुए ने किया बुजुर्ग का शिकार

**रायपुर।** जिले में तेंदुए ने आज एक बुजुर्ग की जान ले ली. इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है. जानकारी के मुताबिक, तेंदुआ सड़क किनारे सो रहे बुजुर्ग को घसीटकर जंगल ले गया और उसे मौत के घाट उतार दिया. यह घटना मगरलोड इलाके के ग्राम बेन्द्राचुआ गांव की है.बताया जा रहा है कि सोनारिन दैहान निवासी 62 वर्षीय मनराखन ध्रुव सड़क किनारे आराम कर रहा था, तभी तेंदुआ आ धमका और बुजुर्ग को सड़क से घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया और मौत के घाट उतार दिया. घटना की सूचना के बाद उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र के अधिकारी और मगरलोड थाना पुलिस मौके पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुटी है.

## एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने मोदी सरकार के बजट पर उठाए सवाल

**रायपुर।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए 2025-26 के बजट पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उनका कहना है कि मोदी सरकार का यह बजट केवल राजनीतिक लाभ हासिल करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। राजा देवांगन ने कहा, यह बजट बेहद निराशाजनक है और यह दिल्ली के मतदाताओं को लुभाने के लिए बनाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 12 लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं होगा, लेकिन फिर वह कहती हैं कि 8 से 12 लाख रुपये तक 10त्न टैक्स स्लैब होगा, जो कि पूरी तरह से भ्रामक है। इस तरह के वादों से केवल मध्यम वर्ग को धोखा दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बजट में देश के अन्य हिस्सों के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। खासकर बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और अन्य योजनाओं के लिए आर्थिक मदद की घोषणाएं की गई हैं।

## बंधक बनाकर युवक से मारपीट

**रायपुर।** जनपद पंचायत परिसर तिल्दा में एक युवक को कार में बंधक बनाकर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत नेवरा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी योगेश दास 28 वर्ष खपरीडीह खूर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी जनपद तिल्दा में फार्म भरने गया था तभी आरोपी टिकेश्वर मनहरे, राहुल डहरिया व अन्य ने चुनाव नहीं लड़ना है कहते हुए जबरन ईनोवा कार में बंधक बनाकर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** कबीरनगर पुलिस ने बाइक से गांजा तस्करी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7192 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वेदांत वाटिका के पास जरवाय रोड कबीरनगर के पास बाइक सवार आरोपी बंटी साह 42 वर्ष, अजय धृतलहरे व प्रहलाद यादव को गिरफ्तार किया है।

## कुर्की जमीन की जानकारी छिपाकर 3 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** कुर्की जमीन की जानकारी छिपाकर बिक्री के लिए सौदा तय कर 3 लाख 30 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सजीता राज 36 वर्ष बालाजी ग्रीन सिटी सोनडोंगरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी चनप्रित सिंह ने अअपने नाम की सोनडोंगरी स्थित मकान एवं जमीन से बैंक में लोन लिया था। जिसका बकाया होने पर कुर्की हुआ था। जिसकी जानकारी छिपाकर आरोपी ने प्रार्थी के पास बिक्री का सौदा कर 3 लाख 30 हजार रुपए बयाना लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 2 सुपेला भिलाई निवासी आदित्य कुमार मिश्रा 29 वर्ष ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलके 9619 को धुप्पड़ हीरो शो रूम पार्किंग के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं टीचर कालोनी कोटा निवासी प्रदीप साहू 34 वर्ष ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलवी 2578 को चंद्रा कॉम्पलेक्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## नशीली टेबलेट की तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट्स की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एन्टी क्राइम, साईबर यूनिट और थाना खमतराई की संयुक्त टीम ने एक विशेष अभियान के तहत खमतराई ओवर ब्रिज के नीचे आरोपी सूरज दुर्गा को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के पास से कुल 1610 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बरामद की गईं। यह टेबलेट्स बिना किसी वैध दस्तावेज के आरोपी के पास पाई गईं। आरोपी ने अपनी पहचान सूरज दुर्गा, उम्र 31 वर्ष, निवासी गुलाब नगर, गुढ़ियारी के रूप में दी।

## भ्रष्टाचार, कुशासन, वादा खिलाफी वाली साय सरकार के खिलाफ जनता का आरोप पत्र:बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रमुख दीपक बैज ने प्रेसवार्ता में राज्य की सत्तासीन भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। श्री बैज ने कहा कि साय सरकार में जनता त्रस्त हो चुकी है। हम राज्य की जनता की ओर से भाजपा की साय सरकार के खिलाफ कांग्रेस राज्य की जनता की ओर से आरोप पत्र प्रस्तुत करते है।

पिछले 1 साल में भाजपा की साय सरकार जनता की उम्मीदों पर विफल साबित हो चुकी है। सरकार से युवा, किसान, महिला, मजदूर, विद्यार्थी, अनुसूचित जाति, जनजाति हर वर्ग के लोग निराश है। सब सरकार से अपने आपको ठगा महसूस कर रहे है। भाजपा की विष्णुदेव सरकार 1 साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 1 साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। स्थानीय निकायों में किये गये दोषपूर्ण आरक्षण नीति के कारण ओबीसी वर्ग के लोग सरकार से नाराज है। 3100 रू. एकमुश्त एवं धान का बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य 112 रू., कुल 3217 रू. नहीं मिलने से किसान हताश है। सरकार के निकम्मेपन के कारण गृहमंत्री के गृह जिले के लोहारीडीह ग्राम में एक व्यक्ति की हत्या कर फाँसी पर टांग दिया गया और दूसरे व्यक्ति को घर में जिंदा जला दिया गया। एक निर्दोष को पुलिस ने मार दिया। लोहारीडीह मामले में प्रशासन ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए गांव के 169 से अधिक निर्दोष लोगों पर फर्जी मुकदमा कर जेल में डाल दिया। बलौदाबाजार में सरकार की लापरवाही के कारण पवित्र जैत खंभ में तोड़ फोड़ हुई और बाद में सरकार के निकम्मेपन के कारण कलेक्टर, एसपी कार्यालय जला दिया गया। इस मामले में सतनामी समाज के युवाओं के साथ विपक्ष के नेताओं को षड़यंत्रपूर्वक जेलों में बंद रखा गया। पिछली भाजपा की रमन सरकार की तरह साय सरकार में पुनः एक बार अँखफोड़वा कांड हुआ।लापरवाही पूर्वक मोतियाबिंद का ऑपरेशन किए जाने के कारण दर्जनों बुजुर्गों की आंखों की रोशनी चली गई। भाजपा सरकार में दबाव पूर्वक धर्मांतरण ज़ोर शोर से चल रहा है, धर्मांतरण के लिए दबाव डालने के कारण अब तक तीन लोग आत्महत्या कर चुके हैं और प्रदेश में विवाद की स्थिति बनी हुई है। वनरक्षकों, पुलिस आरक्षकों तथा सरकारी नौकरी में हुये भ्रष्टाचार एवं सरकारी नौकरियां बेचे जाने के कारण युवा सरकार से नाराज है। विधानसभा चुनाव में 1 लाख नौकरियां देने का वादा किया था एक साल में 20 हजार नौकरियां मिलना था लेकिन एक साल में भर्ती नहीं निकाली गयी। युवा ठगे महसूस कर रहे है। 18.5 लाख आवास देने का वादा विधानसभा में किया था, लेकिन अभी तक आवास देने के मामले में सरकार कोई कार्ययोजना नहीं बना पायी। आवासहीन खुद को ठगा महसूस कर रहे। भाजपा ने 500 रू. में सिलेंडर देने का वादा किया था, 1 साल हो गया 1 भी महिला को सिलेंडर नहीं दिया गया। यहां भी महिलाएं खुद को ठगा महसूस कर रही। गरीबों के मकान, दुकान को बुलडोजर से तोड़ा जा रहा, सरकारी जमीनों पर भाजपा के चहेते कब्जा कर रहे। डीजल खरीदी में प्रति लीटर 6.50 रू. की छूट सिर्फ उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। आम जनता, किसान, ट्रांसपोर्ट, आटो, टेम्पो चालक, बस मालिक, ट्रेक्टर चालक, डीजल भट्ठी उपयोग करने वाले होटल मालिकों को छुट नहीं दिया जा रहा। सत्ता के संरक्षण में जगह-जगह अवैध शराब, गांजा, ड्रग्स, नसीली दवाई बिक रहा है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। अस्पतालों में दवाईयां, चिकित्सकी टेस्टींग की सुविधा नहीं मिल रहा है। स्कूलों में चाक, डस्टर लेने पैसे नहीं। जमीन के रजिस्ट्री की गाईड लाईन दरों में कांग्रेस सरकार के समय किये गये 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया, जिससे गरीबों के मकान, प्लाट का सपना टूट गया। भाजपा सरकार 5 डिसमिल से कम के छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री बंद करने जा रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है। हम नगरीय निकायों और पंचायतों में इसको मुद्दा बनाने जा रहे है। 1 साल में बिजली के दाम 4-4 बार बढ़ाये गये, 400 यूनिट की छूट को अघोषित तौर पर समाप्त कर दिया गया। 1 साल में रेत के दाम 6 गुना, सिमेंट की कीमतें 5-5 बार बढ़ाये गये। भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ हो गयी है, रेत के कारोबार में रोज खून बहाया जा रहा है। 100 दिन में अनियमित/संविदा कर्मियों को नियमित करने की मोदी की गारंटी फेल हो चुकी है। उल्टे बीएड शिक्षकों, विद्यामितान, अतिथि शिक्षक निकाले गये। बेरोजगारी भत्ता बंद, तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना बंद, कोदो, कुटकी, रागी खरीदी बंद। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन बंद पात्र हितग्राही भटक रहे।

बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था इस चुनाव में बड़ा मुद्दा है। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था से आम आदमी डरा हुआ है। हत्या, लूट, बलात्कार, चाकूबाजी के कारण राज्य का हर शहर असुरक्षित है। राजधानी से लेकर मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र तक गोलियां चल रही है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। राजधानी में 5 बार गोली बारी हो गयी। गौ तस्करी की घटनायें शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गयी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है। नक्सलवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो गयी। नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने 1 साल में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे सरकार बयान देने तक सीमित है।

## पीआरए ग्रुप में आईटी की सर्वे में अब तक 37 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई

**रायपुर।** मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय की टीम ने कान्ट्रेक्टर फर्म पीआरए ग्रुप में की गई आयकर सर्वे की कार्रवाई में करीब 37 करोड़ रुपए की कर चोरी पकड़ी है. यह कार्रवाई मुख्य आयकर आयुक्त श्रीमती अपर्णा करण, प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप कुमार हेडाऊ तथा संयुक्त आयकर आयुक्त वीरेन्द्र कुमार के निर्देश पर की गई. सर्वे टीम का नेतृत्व आयकर उपायुक्त राहुल मिश्रा ने किया. पीआरए ग्रुप रोड कंसट्रक्शन, सिविल कंस्ट्रक्शन, ब्रिज के साथ ही रेलवे के लिए भी कार्य करता है। ग्रुप की विभिन्न परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के साथ ही झारखंड तथा राजस्थान में भी संचालित की जाती है. गुरूवार दोपहर रिंग रोड स्थित पीआरए ग्रुप के मुख्य दफ्तर में शुरू की गई कार्रवाई शुक्रवार देर रात पूरी हुई है. कार्यालय में मिले दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक डिवाइस की प्रारंभिक जांच में बोगस खर्चे दिखा कर प्रॉफिट कम दर्शाने के एविडेंस मिले हैं. दो दिनों की जांच में मिले दस्तावेज के साथ ही टीम ने हार्डडिस्क, मोबाइल, लैपटाप का बैकअप लिया है. इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस का बैकअप विशेषज्ञों की टीम ने लिया है. टीम में कार्यालय में मिले दस्तावेज के आधार पर संचालकों का बयान भी दर्ज किया है।

# बसंत पंचमी पर बौद्धिक संपदा की प्राप्ति के लिए हुए अनुष्ठान

**कोरबा।** विद्या, बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद प्रदान करने वाली देवी सरस्वती का अवतरण दिवस बसंत पंचमी को मनाया गया। कोरबा नगर और जिले के शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ देवालयों में विशेष पूजा अर्चना की गई। कई जगह अनुष्ठान हुए। गायत्री मंदिर के साथ-साथ अनेक स्थान पर विद्यारंभ संस्कार भी काया गया। इस दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। हर कहीं विविध प्रकार के फल-फूल देवी को अर्पित करने के साथ शिक्षार्थियों ने बौद्धिक संपदा की प्राप्ति और बढ़ोत्तरी के लिए ईश्वरी शक्ति से आशीर्वाद मांगा। कोरबा के श्याम मित्र मंडल ने बसंत पंचमी पर 121 मालाओं से बाबा का श्रृंगार किया। भक्तों को अलौकिक पितांबरी वितरण किया गया। हजारों की संख्या में भक्तों को खीर का प्रसाद बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में दिया गया।





## अधूरे कार्यों को पूर्णता देना होगी प्राथमिकता



**कोरबा।** निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 20 से भाजपा के प्रत्याशी चंद्रलोक सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में है। अधूरे कार्यों को पूरे करना और मूलभूत व्यवस्थाओं को और बेहतर करना उनकी प्राथमिकता होगी। अपनी मुखर वर्किंग स्टाइल और जनता से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने के लिए सदैव तत्पर रहने के नाम से चंद्रलोक की पहचान इलाके में खास बनी हुई है। पिछले 10 साल में अपने वार्ड के लिए विकास से संबंधित विभिन्न काम कराए गए हैं। यह बात सही है कि जनता की अपेक्षाएं अनंत है और संसाधन इससे कहीं कम। फिर भी कोशिश जारी है। पिछले 10 वर्ष नगर निगम में स्टांप महापौर की व्यवस्था होने के कारण की दिक्कत आई और कुल मिलाकर विकास पर इसका असर पड़ा। इसलिए अब की बात जनता के पास इस मुद्दे को रखा जा रहा है। जनता सभी चीजों को बखूबी समझ रही है।

## चुलेश्वर बने चुनाव अधिकारी

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव के लिए प्रभारियों के नियुक्ति कर दी गई है। भिलाईबाजार 6 नंबर के लिए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। आज जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी रैली निकालकर नामांकन भरेंगे। घंटाघर चौक से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे। भाजपा नगर मंडल भिलाई बाजार के अध्यक्ष दिनेश राठौर भी कार्यकर्ताओं के साथ इस रैली में शामिल होंगे।

## तीन खदानों में संडे ड्यूटी चालू

**कोरबा।** एसकेएमएस के द्वारा कोयला कामगारों को संडे ड्यूटी दिलाए जाने की मांग की जा रही थी। इनके द्वारा प्रबंधन को मांग पत्र भी सौंपा गया था। बगदेवा, सिंघाली व ढेलवाडीह में कोयला कामगारों को संडे ड्यूटी नहीं मिलने से वे परेशान हो गए थे। इस मामले को प्रबंधन के सामने रखा गया। वार्ता में ऋषभ सिंह, विदेशी, प्रमोदधर दीवान, संजय सिंह, भूपेंद्र, विनोद, सूर्यकांत साहू सहित अन्य कार्यकर्ता से प्रबंधन ने वार्ता के दौरान संडे ड्यूटी को चालू करने का आश्वासन दिया। जिन कोयला कामगारों का 4 फिजिकल अटेंडेंस हैं उसी को ही संडे ड्यूटी का लाभ मिल सकेगा।

## चुनाव से बनाई दूरी



**कोरबा।** चुनावी सरगर्मी के बीच चौंकाने वाले एक फैसले में जिला पंचायत कोरबा के उपाध्यक्ष पद पर लगातार तीन बार कब्ज़ा जमाए रखने वाले पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल और रीना जायसवाल ने इस बार चुनाव नही लड़ने का लिया फैसला। क्षेत्र की जनता लगातार 15 वर्षो तक अजय जायसवाल पर भरोसा जताया। क्षेत्र क्रमांक 6 से लगातार अजय जायसवाल और रीना जायसवाल के द्वारा जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीत कर बहुमत हासिल कर हमेशा जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद अपना परचम लहराकर जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर कोरबा जिला सहित छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियो को परिचित कराया है परन्तु उन्होंने इस बार निर्णय लिया की वे इस बार होने वाले पंचायत चुनाव मे हिस्सा नही लेंगे।

# कई जगह से चोरी हुई 17 बाइक बरामद, राज खोले चोरों ने

**कोरबा।** कोयलांचल गेवरा दीपिका क्षेत्र में चोर उचक्कों की गतिविधियां पिछले वर्षों में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों में डीजल कोयला और स्क्रैप की चोरी करने तक केंद्रित रही। दबाव बढ़ने पर ऐसे मामलों में कुछ हद तक कमी आई है। लेकिन चोरों ने अपने मूल काम को विस्मृत नहीं किया है। हाल में ही पुलिस ने 17 दो पहिया गाड़ियां बरामद की है जो विभिन्न क्षेत्रों से चोरी की गई थी।

दीपिका पुलिस ने अपने प्रयासों से इस मामले में सफलता प्राप्त की। फरवरी माह की शुरुआत में उसके लिए यह उपलब्धि से कम नहीं है। लगातार इलाके में दो पहिया गाड़ियों की चोरी होने की सूचना आ रही थी। ऐसे मामलों में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया था और जांच कर रही थी। इसके लिए पुलिस की टीम के अलावा गुप्तचर तंत्र भी एक्टिव था। आसपास से मिल रहे फैक्ट्स के आधार पर इन मामलों में आगे बढ़ाने की कोशिश जारी रही और आखिरकार इसके नतीजे आए। प्राप्त खबरों में बताया गया कि कुछ चोरों के बारे में पुलिस को सूचना मिली थी कि उनके पास चोरी की गई बाइक है। इस मामले में पुलिस के कदम आगे बढ़े तो बहुत कुछ जानकारी हासिल हुई। सिस्टम को लगाकर इस दिशा में काम किया गया तो मालूम चला कि ऑर्गेनाइज्ड क्राईम के तौर पर




इस प्रकार का कार्य किया जा रहा था। पुलिस ने अपने स्तर पर काम करते हुए इस मामले में 17 दो पहिया गाड़ियों को बरामद किया है जो अलग-अलग मॉडल और वैरायटी की है। इनमें सस्ती और महंगी बाइक शामिल है। इस मामले में पकड़े गए आरोपियों की संख्या अधिकृत रूप से ज्ञात नहीं हो सकी है लेकिन इतना पता चला है कि चोरों ने घटनाओं को लेकर कई प्रकार के खुलासे किए हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि गेवरा दीपका में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कॉलोनी से लेकर आसपास की बस्तियों और दीगर क्षेत्र से इन दोपहिया गाड़ियों की चोरी पिछले दिनों में की गई थी। इस मामले में यह भी पता चला है कि गाड़ियों को खपाने के लिए किस प्रकार से स्त्रोत तलाशे गए और किन लोगों से संपर्क किया गया। चोर गिरोह के बारे में पता चला कि उसने अनेक मामलों में चोरी किए गए सामानों को यहां वहां कंज्यूम करने के साथ प्राप्त की गई राशि का उपयोग अपने हित में कर लिया है।

## डीजल चोर के लिए इनाम घोषित

पिछले 5 वर्षों में कोरबा जिले के कोरबा कुसमुंडा और कोयलांचल दीपिका क्षेत्र के अंतर्गत संचालित हो रही कोल माइंस चोरी चकारी के काम में जुड़े लोगों के लिए बेहद सहूलियत वाली जगह साबित हुई। इस लंबे दौर में शातिर किस्म के लोगों ने जमकर घटनाओं को अंजाम दिया और दुस्साहसिक तरीके से सरेआम कोयला कंपनी का डीजल, स्क्रैप, कोयला पार करने में सफलता प्राप्त की। इस दौरान किसी भी प्रकार से आपत्ति दर्ज करने पर सुरक्षा कर्मियों पर हमले भी किए गए। दबाव पड़ने पर ऐसे मामलों में कार्रवाई की गई। पिछले दिनों दीपका क्षेत्र में ही डीजल चोरी से संबंधित मामले में तत्वों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। जबकि डीजल चोर गिरोह का सरगना नवीन कश्यप अब तक फरार है। इसकी सूचना देने के लिए पुलिस ने 5000 के इनाम की घोषणा की है।

## कांग्रेस प्रत्याशी के भतीजे ने चाकू मारा, एक घायल

**कोरबा।** कोरबा नगर के मोती सागर पारा क्षेत्र में चाकू बाजी की घटना में एक युवक घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां पर डॉक्टर की निगरानी में उसका उपचार जारी है। कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत रात्रि को यह घटना हुई। खबर के अनुसार चाकू चलने वाला आरोपी इस वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी राकेश चौहान का भतीजा है। उसने असामान्य स्थिति में एक युवक पर चाकू चला दिया। घटना की तस्वीर आसपास के सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुई है। उसके अंदाज से पता चल रहा है कि उसके इरादे क्या थे। घटना के चक्कर में इस इलाके से कांग्रेस प्रत्याशी की परेशानियां बढ़ गई हैं।

### सफाई का निरीक्षण किया

**कोरबा।** एसईसीएल सुभाष ब्लॉक,15ब्लॉक कालोनी की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर एसईकेएमसी के कार्यकर्ता काफी गंभीर हैं।एसईकेएमसी के नवीन सिंह, शैलेष मसीह, मनोज कटेरिया, संजय दास सहित सभी पदाधिकारी निर्माण कार्यों पर भी नजर बनाए हुए हैं। कालोनी में कई निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

## 30 दिन में 343 वाहन चालकों ने नियम तोड़े, ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई




**कोरबा।** यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए शहरी क्षेत्र में लगातार जतन हो रहे हैं। बेहतर परिणाम लाने के लिए यह सब करना जरूरी हो गया है। मुख्य सड़कों पर चलने से लेकर गाड़ियों को यथा स्थान पार्क करने की अपेक्षा चालकों से की जा रही है। इस मामले में लापरवाही बरतने का मतलब खुद का नुकसान करना है। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे 343 मामले बनाए। इनमें कार्रवाई की गई है।

1 जनवरी से 2 फरवरी तक के आंकड़े ट्रैफिक पुलिस ने जारी की। बताया गया कि जिले में पिछले 30 दिवस के भीतर अभियान चलाते हुए नो पार्किंग जोन में विभिन्न प्रकार के वाहन लगाने को लेकर कार्रवाई की गई। माना गया कि वाहन चालकों ने निर्धारित नियम को तोड़ा और मुश्किल बढ़ाई। कोरबा शहर और विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार की कार्रवाई पुलिस ने की है। संबंधित मामलों में पेनाल्टी भी की गई। ट्रैफिक प्रभारी आईपीएस रविंद्र मीणा, डीएसपी डी.के.सिंह के मार्गदर्शन में फील्ड की टीम की ओर से अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए व्यवस्था बनाने में रूचि ली जा रही है। लगातार पेट्रोलिंग के अलावा अन्य स्तर पर ऐसे मामलों को देखा जा रहा है। बताया गया कि राताखार रोड, ध्यानचंद चौराहा, कुसमुंडा क्षेत्र, सीतामणी, गोढ़ी रिंग रोड और अन्य इलाकों में यातायात का दबाव बढ़ रहा है और स्थिति चुनौतीपूर्ण हो रही है। इसके साथ ही वाहन चालकों के द्वारा कहीं भी मनमाने तरीके से गाड़ियों को पार्क कर देने से दुर्घटना की आशंका बढ़ रही है। ट्रैफिक पुलिस ने इस बात को ध्यान में रखा। उक्तानुसार अलग-अलग क्षेत्र में अभियान चलाते हुए ऐसे चालकों पर एक्शन लिया गया। बताया गया कि पार्किंग जोन का इस्तेमाल गाड़ियों को खड़ा करने के लिए किया जाना चाहिए, अन्य स्थिति में इसे उपेक्षा माना जाएगा।

## खरीदने के कुछ ही दिनों में स्कूटी हुई खराब, निर्माता कंपनी व एजेंसी को नोटिस

**कोरबा।** जिले में एक उपभोक्ता द्वारा खरीदा गया इलेक्ट्रिक स्कूटी कुछ ही दिनों में खराब हो गया जिसे सुधारने में आनाकानी करने पर उपभोक्ता ने अपने वकील के माध्यम से स्कूटी निर्माता कंपनी एवं एजेंसी को नोटिस जारी किया है और 15 दिवस के भीतर खराब स्कूटी को वापस कर रकम लौटाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बैगिनडभार कोरबा निवासी मनोज शर्मा पिता चंद्रशेखर शर्मा ने ओम ई सर्विसेस आईटीआई बुधवारी वीआईपी रोड पथर्रीपारा कोरबा से इलेक्ट्रिक स्कूटी 23 अप्रैल 2024 को 1 लाख 1500 रुपए में खरीदी थी। स्कूटी बेचते वक्त एजेंसी द्वारा कई तरह की सेवाएं देने तथा उसके रखरखाव व वारंटी का आश्वासन दिया था। उक्त स्कूटी खरीदने के पश्चात कुछ दिनों में खराब हो गई। बार-बार बैटरी डिस्चार्ज होने, चेचीस व अन्य पार्ट्स टूटने के कारण उपयोग करने लायक नहीं रहा जिस पर उपभोक्ता ने खराब पड़े स्कूटी को सुधारने कहा लेकिन एजेंसी द्वारा टालमटोल करते हुए अंततः इससे इनकार कर दिया। पीड़ित उपभोक्ता ने अब वकील धनेश सिंह के माध्यम से स्कूटी वाहन के निर्माता कंपनी पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लिमि. के प्लांट प्रमुख तथा स्थानीय एजेंसी ओम ई सर्विसेस को नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर स्कूटी वापस लेने तथा रकम लौटाने की मांग की है।

# परला में हाथियों ने ढहाया मकान

**कोरबा।** जिले के कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में हाथियों का आतंक लगातार बना हुआ है। जहां कटघोरा वनमंडल के केंदई एवं एतमानगर रेंज में 48 हाथी विचरण कर रहे हैं वहीं कोरबा के कुदमुरा, पसरखेत व करतला रेंज में 50 से अधिक हाथी अपना डेरा जमाए हुए हैं। कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में मौजूद 29 हाथियों के दल ने बीती रात रेंज अंतर्गत परला गांव में घुसकर भारी उत्पात मचाया। हाथियों ने इस दौरान एक ग्रामीण के घर को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया वहीं कुछ लोगों के खेतों एवं बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे रबी फसल तथा सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया। परला में हाथियों ने जिस समय ग्रामीण के घर को तोड़ा उस समय ग्रामीण व उसका परिवार गहरी नींद में सो रहा था। हाथियों की चिंघाड़ सुनकर वे जागे और घर के एक कमरे में छिपकर जान बचाई, पीड़ित ग्रामीण द्वारा आज सूचना दिए जाने पर वन



विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन किया। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में मौजूद हाथियों का उत्पात जारी है। हाथी यहां ग्रामीणों के बाड़ी में घुसकर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं जबकि करतला रेंज के चिकनीपाली जंगल में 7 हाथी काफी दिनों से डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों का यह दल जंगल ही जंगल घूम रहा है।

## भोरिया और भारिया जाति यहां की नहीं, रद्द करें सर्टिफिकेट

**कोरबा।** छुरीकला पंचायत चुनाव की नामांकन प्रतिक्रिया शुरू होते ही भोरिया भारिया जाति मामले को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। ग्राम छुरीखुर्द के देवनाथ हंस ने सरपंच चुनाव में नामांकन के दौरान दिए जा रहे जाति प्रमाणपत्र को अमान्य करने के लिए एसडीएम कटघोरा को 29 जनवरी को आवेदन दिया है।

जनपद पंचायत कटघोरा के अतंर्गत ग्राम छुरीखुर्द में पंचायत चुनाव के नामांकन प्रक्रिया में भोरिया जाति के नामांकन पत्र को निरस्त करते हुए उन्हें चुनाव से पृथक किए जाने की मांग उठने लगी है। आवेदक देवनाथ हंस ने बताया कि जिले में निवासरत भोरिया जाति के लोगों को भारिया अजजा का जारी किए गए सभी प्रमाण पत्र को आठ मई 2003 को प्रभाव से निरस्त किया गया था, उसके बावजूद सरपंच चुनाव लडने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव द्वारा सांठ गांठ कर गलत तरह से ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर भोरिया-भारिया जाति को अजा के प्रमाण पत्र बनाते हुए आदिवासी बता सरपंच चुनाव लडने के लिए नामांकन भर कर राज्य शासन की आदेश का अवहेलना किया जा रहा है। इसका विरोध करते हुए देवनाथ हंस ने सरपंच पद के लिए भोरिया भारिया जाति के प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर भरे गए नामांकन को अमान्य करने एसडीएम कटघोरा को पत्र लिखा है। प्रकरण में अगली कार्यवाही को लेकर एसडीएम से संपर्क साधा गया लेकिन जवाब नहीं मिल सका।

# संस्कृति के रंग बिखरे वार्षिकोत्सव पर, समाजसेवी सम्मानित

**कोरबा।** आर्यन पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल हरदी बाजार में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उत्सव में संस्कृति और परंपरा के रंग बिखरे।

सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता संस्था के संरक्षक सेवा निवृत्त फारेस्ट आफिसर कृष्ण मुनी ने की। विविध क्षेत्रों में प्रशंसनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। श्री ब्रह्मानंद राठौर को शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए स्व. प्रमोद कुमार दुबे स्मृति शिक्षा सम्मान प्रदत्त किया गया। जबकि जैविक कृषि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले विनोद कंवर को स्व.श्रीमती संतोष दुबे स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना से हुआ। तत्पश्चात



रानी अहिल्याबाई होलकर की 350 वीं जयंती पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे ने प्रकाश डालते हुए उनके जीवन एवं महिला सशक्तिकरण पर किये गये उनके प्रयासों पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने रानी अहिल्याबाई होलकर के चरित्र पर मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि अजय कुमार दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि आर्यन पब्लिक स्कूल संस्कार के साथ साथ आधुनिक शिक्षा प्रदत्त वाली संस्था है। सभी छात्रों की राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय होनी चाहिए ,चाहे वे जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हों।

नन्हे -मुन्हें बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। रात्रि 10 बजे तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में 2000 से अधिक पालकों एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। मंच का सफल संचालन स्वागत नायक ने किया। प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे, श्रीमती अतोषी बनर्जी, श्रीमती गोदावरी देवांगन, श्रीमती रेवती यादव, यशोदा पाटले, श्रीमती रेणु चक्रवर्ती, श्रीमती पूजा महंत, झरोखा शांडिल्य,कु लक्ष्मी पटेल,कु.रोशनी,कु सुधा,कु रौशनी,कु प्रतिमा,कु महिमा, मुस्कान आदि ने सहयोग दिया।

## बीकेकेएमएस का कार्यकर्ता सम्मेलन 11 को

**कोरबा।** अखिल भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन का अधिवेशन नागपुर में 11 फरवरी से शुरू हो रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए एरिया स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। एक एरिया से 6 या 7 कार्यकर्ता अधिवेशन में शामिल होंगे। सूची बनाने का काम रमेश गुरुद्वान, प्रीतम राठौर, मदन सिंह, अमिया मिश्रा, हिरेंद्र चंद्रा, रंजय सिंह, अशोक सूर्यवंशी के द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय अधिवेशन में नई कार्यकारिणी के लिए नामों पर चर्चा होगी।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com